Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 231 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, गुरुवार 07 मार्च 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

धर्म चक्र कर्म को हनन करने वाला है
और धन चक्र मोह को बढ़ाने वाला है।

Wheel of religoin destroys karma whereas wheel of wealth promtes religion.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

विमान क्रैश, गुना एयरपोर्ट पर लैंडिंग के वक्त हादसा; महिला पायलट घायल

गुना (आरएनएस)। मध्यप्रदेश की गुना हवाईपट्टी पर आज एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार महिला पायलट घायल हो गई। पुलिस सूत्रों ने प्रारंभिक सूचना के हवाले से कहा कि प्रशिक्षु विमान राज्य के नीमच से सागर जिले के ढाना तक की उड़ान पर था। उड़ान के दौरान महिला पायलट को कुछ तकनीकी परेशानी प्रतीत हुयी। इसके बाद उसने गुना हवाईपट्टी पर अनुमति के बाद आपातकालीन लैंडिंग करायी। लैंडिंग के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और झाड़ियों में जा घुसा।

कांग्रेस ने बागी विधायक सुधीर शर्मा को एआईसीसी सेक्रेटरी पद से हटाया

नई दिल्ली (आरएनएस)। हिमाचल में जारी सियासी संकट के बीच आज कांग्रेस हाईकमान ने सख्त कदम उठाते हुए। हाईकमान ने बागी विधायक सुधीर शर्मा को एआईसीसी सेक्रेटरी पद से हटा दिया है। इस संबंधी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हस्ताक्षर वाला आदेश जारी कर दिया गया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तत्काल प्रभाव से श्री शर्मा को इस पद से हटा दिया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

खरीफ 2023-24 से 'कृषक उन्नति योजना' लागू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया

रायपुर (आरएनएस)। बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए राज्य के किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए खरीफ 2023-24 से 'कृषक उन्नति योजना' लागू करने का निर्णय लिया गया।

राज्य के किसानों की आय, फसल उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने तथा फसल की कास्त लागत में कमी करने के उद्देश्य से यह योजना लागू की गई है। विकेन्द्रीकृत चांवल उपार्जन के लिए भारत सरकार से हुए एमओयू को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना शुरू की जा रही है।

मंत्रिपरिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि कृषक उन्नति योजना के क्रियान्वयन संबंधी प्रस्ताव अनुसार खरीफ वर्ष 2023 में धान खरीदी के आधार पर किसानों को प्रति एकड़ 19,257 रूपए के मान से आदान सहायता राशि प्रदाय की जाएगी एवं तदानुसार अनुषांगिक कार्यवाही करने हेतु विभाग को अधिकृत किया जाएगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) की सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने और बकाया राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में 2018 की स्थिति में 430 लोकतंत्र

मीसाबंदियों की सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने और बकाया राशि प्रदान करने का लिया महत्वपूर्ण निर्णय

सेनानियों/आश्रितों को प्रतिवर्ष करीब 9 करोड़ रूपए की सम्मान राशि प्रदान की जाती थी। एक मार्च से कम अवधि के निरूद्ध व्यक्तियों को 8 हजार रूपए प्रतिमाह, एक से 5 माह तक के निरूद्ध व्यक्तियों को 15 हजार रूपए प्रतिमाह तथा पांच माह तथा अधिक निरूद्ध व्यक्तियों को 25 हजार रूपए प्रतिमाह दिया जाएगा।

भारत में घोषित आपातकाल के दौरान छत्तीसगढ़ के राजनैतिक या सामाजिक कारणों से मीसा/डीआईआर के अधीन निरूद्ध व्यक्तियों को सम्मान राशि प्रदान करने के लिए लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि नियम-2008 बनाया गया था। जिसे सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 23 जनवरी 2020 तथा 29 जुलाई 2020 को अधिसूचना जारी कर निरस्त कर दिया गया था। मंत्रिपरिषद की बैठक में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 26 मई 2020 को पारित आदेश के परिपालन में उपरोक्त दोनों अधिसूचनाओं को निरस्त करते हुए लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) की सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने और बकाया राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

अर्थात पूर्व अनुसार प्रतिमाह सम्मान राशि पुनः प्रारंभ की जाती है एवं सम्मान राशि बंद होने से लेकर पुनः प्रारंभ होने तक की अवधि की एरियर्स राशि 01 नवम्बर 2024 को प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

सुशासन एवं अभिसरण विभाग के गठन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

प्रदेश में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम संभव उपयोग हेतु और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पृथक विभाग का गठन किया गया है।

इस विभाग के गठन से बेहतर प्रशासन के साथ जनता तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। डिजिटल गवर्नेंस के तहत प्रशासन के सभी स्तरों पर डिजिटलाईजेशन को बढ़ावा देते हुए पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। नये विचारों एवं क्रिया विधि के संबंध में शोध और प्रशासनिक सुधार के कार्य किए जाएंगे। विभाग द्वारा राज्य में सुशासन के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए सुशासन फेलोशिप और मुख्यमंत्री लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा। इस विभाग के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण शिक्षण संस्थान और छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग आएंगे। राज्य प्रवर्तित राजीव नगर आवास योजना की शर्तों को यथावत रखते हुए इस योजना का नाम ''अटल विहार योजना'' करने का निर्णय लिया गया।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डधारियों को अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक आवश्यक शक्कर वितरण के लिए राज्य के सहकारी शक्कर कारखानों से शक्कर क्रय करने का निर्णय लिया गया। शक्कर का क्रय मूल्य 35,000 रूपए प्रति टन (एक्स फैक्टरी और जीएसटी अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में आतंकवाद, नक्सलवाद, वामपंथी उग्रवादी जैसे विशेष मामलों, प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी अनुसंधान एवं अभियोजन के लिए राज्य इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एस.आई.ए.) के गठन का निर्णय लिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में 12,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाएं समर्पित कीं

बेतिया (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बेतिया में लगभग 12,800 करोड़ रुपये की रेल, सड़क और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस से संबंधित कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया।

बिहार सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बेतिया की धरती ने आजादी के संघर्ष को फिर से जागृत किया और लोगों में नई चेतना का संचार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी भूमि ने मोहन दास जी से महात्मा गांधी को जन्म दिया, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि विकसित बिहार और विकसित भारत का संकल्प लेने के लिए बेतिया, चंपारण से बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती है। प्रधानमंत्री ने विकसित बिहार कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों से लोगों की उपस्थिति को स्वीकार किया और आज की विकास परियोजनाओं के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधान मंत्री ने कहा कि बिहार की भूमि ने सदियों से देश के लिए जबरदस्त नेतृत्व दिखाया है और देश के लिए कई महान व्यक्तित्व भी पैदा किए हैं, उन्होंने कहा कि भारत बिहार की समृद्धि से समृद्ध हुआ है और राज्य का विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करें। प्रधान मंत्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि राज्य में डबल इंजन सरकार के गठन के साथ विकसित बिहार से संबंधित विकास कार्यों को नई गति मिली है और उन्होंने रेल, सड़क, इथेनॉल संयंत्र, शहरी गैस आपूर्ति और एलपीजी गैस के क्षेत्रों सहित आज की परियोजनाओं का उल्लेख किया।

इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा बिहार के राज्यपाल आरवी अर्लेकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय और सांसद संजय जयसवाल उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने 109 किलोमीटर लंबी इंडियन ऑयल की मुजफ्फरपुर-मोतिहारी एलपीजी पाइपलाइन का उद्घाटन किया गया जो बिहार राज्य और पड़ोसी देश नेपाल में स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने मोतिहारी में इंडियन ऑयल के एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और स्टोरेज टर्मिनल को राष्ट्र को समर्पित किया।

नया पाइपलाइन टर्मिनल नेपाल को पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात के लिए एक रणनीतिक आपूर्ति बिंदु के रूप में भी कार्य करेगा। यह उत्तर बिहार के 8 जिलों यानी पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढी और मधुबनी को सेवा प्रदान करेगा। मोतिहारी में नया बॉटलिंग प्लांट मोतिहारी प्लांट से जुड़े खाद्य बाजारों में आपूर्ति श्रृंखला को भी सुचारू बनाएगा। प्रधानमंत्री ने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और देवरिया में शहरी गैस वितरण परियोजना और एचबीएल के सुगौली और लौरिया में अनाज आधारित इथेनॉल परियोजनाओं की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने एनएच-28ए के पिपराकोठी-मोतिहारी-रक्सौल खंड को पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन बनाने सहित सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन किया; NH-104 के शिवहर-सीतामढ़ी-खंड को दो लेन का बनाना। प्रधान मंत्री ने गंगा नदी पर पटना में दीघा-सोनेपुर रेल-सह-सड़क पुल के समानांतर गंगा नदी पर छह-लेन केबल ब्रिज के निर्माण सहित परियोजनाओं की आधारशिला रखी; एनएच-19 बाईपास के बाकरपुर हाट-मानिकपुर खंड को चार लेन का बनाना। प्रधानमंत्री ने विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने बापूधाम मोतिहारी-पिपराहन और नरकटियागंज-गौनाहा गेज परिवर्तन सहित 62 किमी रेल लाइन के दोहरीकरण को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने 96 किमी लंबी गोरखपुर कैंट-वाल्मीकि नगर रेल लाइन के दोहरीकरण और विद्युतीकरण और बेतिया रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी।

सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता दिलावर कपाड़िया की हुई मौत

हादसे में एक गंभीर रुप से घायल को रायपुर किया गया रिफर

कोण्डागांव (विश्व परिवार)। कोण्डागांव के ग्राम घोड़ागांव मे नेशनल हाईवे 30 पर सड़क हादसे में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष की मौत हो गई, जिला भाजपा कार्यालय प्रभारी गंभीर रूप से हुए घायल, घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा। मिली जानकारी के अनुसार अपनी निजी वाहन से दोनों भाजपा नेता कोण्डागांव से दंतेवाड़ा शादी समारोह में सम्मलित होने रहे थे उसी दौरान घोड़ागांव के पास वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, पेड़ से टकराने से वाहन में सवार भाजपा अल्पसंख्यक के मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलावर कपाड़िया की अस्पताल पहुंचने पर हुई मौत। वही भाजपा जिला कार्यालय प्रभारी संतोष पात्रे गंभीर रूप से घायल हो गये, जिसका इलाज जिला अस्पताल में जारी है, घायल सन्तोष पात्रे को प्राथमिक इलाज के बाद रायपुर रेफर किया जा रहा है।

दिल्ली विधानसभा से सस्पेंड किए गए 7 भाजपा विधायकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, निलंबन रद्द

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा ने बजट सत्र की शुरुआत में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण को बाधित करने के लिए सात भाजपा विधायकों को निलंबित कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने बुधवार को विधानसभा के इस आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओपी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता की याचिकाओं पर 27 फरवरी को आदेश सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया। इन विधायकों ने विधानसभा के शेष बजट सत्र से अपने निलंबन को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। 23 फरवरी 2024 को विधानसभा अधिकारियों ने अदालत को आश्वासन दिया था कि निलंबन का मतलब असहमति को दबाना नहीं था, बल्कि कदाचार के जवाब में सेल्फ-अनुशासन का एक उपाय था। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने आदेश में कहा कि रिट याचिकाएं स्वीकार की जाती हैं। इससे पहले विधायकों ने कहा था कि विशेषाधिकार समिति के समक्ष कार्यवाही के समापन तक उनका निलंबन नियमों का उल्लंघन था। दूसरी ओर, विधानसभा अधिकारियों ने अदालत को बताया था कि विपक्षी विधायकों ने 15 फरवरी को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को विधानसभा में संबोधन के दौरान कई बार रोका था।

श्रम मंत्री ने कार्य में लापरवाही बरतने पर श्रम निरीक्षक और श्रम उप निरीक्षक को निलंबित करने के दिए निर्देश

श्रम मंत्री ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा

रायपुर (विश्व परिवार)। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज विभागीय कामकाज की समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने के कारण दुर्ग जिले के श्रम निरीक्षक श्री अमित चिराग और जांजगीर-चांपा जिले के श्रम उप निरीक्षक श्री कैलाश साहू को तत्काल निलंबित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में श्रमायुक्त एवं सहसचिव श्रीमती अलरमेल मंगई डी, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की सचिव श्रीमती सविता मिश्रा, अपर श्रम आयुक्त श्री एस.एल. जांगड़े सहित जिलों से आए श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री देवांगन ने समीक्षा के दौरान शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत दुर्ग जिले के ग्राम अमलेश्वर में संचालित भोजन केन्द्र बिना सूचना के बंद पाये जाने और केन्द्र बंद होने की सूचना नहीं देने संबंधी अनियमितता के कारण भोजन केन्द्र निरीक्षण हेतु अधिकृत श्रम निरीक्षक श्री अमित चिराग को तत्काल निलंबित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत् जिला जांजगीर-चांपा में निर्माण श्रमिकों से प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण किये बिना योजना आवेदन को स्वीकृत करने की अनुशंसा के कारण अपात्र हितग्राहियों को देय राशि की वसूली से शासन की छवि खराब होने और गलत अनुशंसा करने के कारण संबधित श्रम उप निरीक्षक श्री कैलाश साहू को तत्काल निलंबित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मंत्री श्री देवांगन ने छत्तीसगढ राज्य में संचालित कारखानों में औद्योगिक दुर्घटना को नियंत्रित करने एवं श्रमिकों को व्यवसायजन्य बीमारियों से सुरक्षित करने हेतु निर्धारित मापदण्डों का पालन करवाने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिये गये, जिससे श्रमिकों को सुरक्षित कार्यदशा एवं स्वस्थ्य कार्य वातावरण उपलब्ध हो सके।

जिम कारबेट मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

नई दिल्ली (आरएनएस)। जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में हजारों पेड़ काटने और भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की सुनवाई आज सुप्रीम कोर्ट में हुई। इस दौरान शीर्ष अदालत ने हैरानी जताते हुए कहा कि वह पूर्व मंत्री रावत और डीएफओ के दुस्साहस से आश्चर्यचकित हैं। अदालत खुद मामले में सीबीआई जांच की निगरानी करेगी। इसके साथ ही कोर्ट ने सीबीआई को 3 महीने में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने बाघ संरक्षण के लिए कई निर्देश जारी करते हुए कोर क्षेत्र में सफारी पर रोक लगा दी है. हालांकि परिधीय और बफर क्षेत्रों में इसकी अनुमति दी गई है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने फटकार लगाते हुए कहा कि राजनेताओं और वन अधिकारियों के बीच सांठगांठ के चलते पर्यावरण को भारी नुकसान हुआ है। राज्य प्रशासन और राजनेताओं ने सार्वजनिक विश्वास के सिद्धांत को कूड़ेदान में फेंक दिया है। इसके अलावा, अदालत ने मामले की जांच कर रही सीबीआई से तीन महीने के अंदर स्टेट्स रिपोर्ट देने को कहा। कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा, 'अफसरों और नेताओं ने मिलकर जनता के भरोसे को कूड़ेदान में डाल दिया है।' सर्वोच्च न्यायालय ने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा, 'बाघों के बिना जंगल खत्म हो गए और अब जंगलों को सभी टाइगर्स को बचाना चाहिए।'

राज्य शासन को इस वित्तीय वर्ष में रिकार्ड रेवेन्यु प्रदान करेगी एसईसीएल

बिलासपुर (विश्व परिवार)। चालू वितीय वर्ष 2023-24 में एसईसीएल दवारा, अपने संचालन के राज्यों मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को गत वर्ष में प्रदत्त राजस्व में बढ़ोत्तरी का अनुमान है। कम्पनी ने एक माह पूर्व ही गत वर्ष के प्रदत्त राजस्व की बराबरी कर ली है। वितीय वर्ष 2022-23 में करों के रूप में इन दोनों राज्यों मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को 14,450 करोड़ रूपये जमा कराया गया था, वहीं इस वर्ष फरवरी माह के अंत तक यह आंकड़ा 14,400 तक पहुँच चुका है। गत वर्ष रायल्टी के रूप में एसईसीएल ने छतीसगढ़ शासन को लगभग 2,900 करोड़ रूपये उपलब्ध कराया था, वहीं मध्यप्रदेश राज्य को उपलब्ध कराई गई राशि 337 करोड़ रूपये रही थी। मध्यप्रदेश को प्रदत्त रायल्टी गत वर्ष से अधिक हो चुकी है। डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड (डीएमएफ) में एसईसीएल ने गत वर्ष 900 करोड़ रूपये जमा कराया था, इस वर्ष यह राशि उससे अधिक रहने की उम्मीद है। इस वित्तीय वर्ष एसईसीएल 7,000 करोड़ रूपये से अधिक का जीएसटी (सीजीएसटी/आईजीएसटी/ स्टेट कम्पनसेशन सेस सहित) जमा करेगी, जिसमें अकेले छत्तीसगढ़ राज्य को 6,500 करोड़ रूपये से अधिक प्राप्त होने की प्रत्याशा है।

एसईसीएल के वित्त विभाग से दवारा प्रस्तुत अनआडिटेड अंतरिम आंकड़ों में गत वर्ष की तुलना में संचालन राज्यों को दिए जाने वाले राजस्व में इस वर्ष वृद्धि दर्ज किये जाने का अनुमान किया गया है, वहीं फरवरी माह में मध्यप्रदेश राज्य को प्राप्त रायल्टी गत वर्ष की कुल रायल्टी से अधिक पहुँच गयी है। समग्र रूप से इस वर्ष एसईसीएल गत वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान कर रही है। एसईसीएल दवारा प्रदत्त राजस्व देश के सर्वांगीण विकास तथा विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करेंगे।

सीएम विष्णुदेव साय ने शंकर नगर में स्वच्छता दीदियों को किया सम्मानित

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही नारियों का सम्मान हो रहा है। वेदों में भी कहा गया है जहाँ नरियों की पूजा होती है वहाँ भगवान का वास होता है। मनोकामना की पूर्ति के लिए नारी शक्तियों की आराधना की जाती है। जैसे शक्ति प्राप्त करने के लिए माँ दुर्गा, वैभव-धन सम्पदा के लिए माता लक्ष्मी और ज्ञान की प्राप्ति के लिए माता सरस्वती की आराधना की जाती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं को सम्मान देने के लिए देश के शीर्ष पद पर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति के रुप में विराजित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उज्जवला योजना जैसी विभिन्न योजनाए प्रारंभ की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के चयनित लाभार्थियों को चेक वितरित किया।

भाजपा महिला मोर्चा का शक्ति वंदन कार्यक्रम सम्पन्न, प्रदेश की महिला पत्रकारों का किया गया सम्मान

रायपुर (विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में शक्ति वंदन कार्यक्रम आहूत की गई। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदेश की महिला पत्रकारों का सम्मान किया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष मीनल चौबे, प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी, चंपादेवी पावले, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती संध्या तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. किरण बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी कृतिका जैन, सह कार्यालय प्रभारी मिनी पांडेय, मीडिया सह प्रभारी शीलू साहू, निशा चौबे, सहित बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रही।

इस दौरान शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि शक्ति वंदन कार्यक्रम भाजपा की राष्ट्रीय व्यापी कार्यक्रम में जिसमें केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके महिलाओं का सम्मान की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं को हर क्षेत्र में पूरा अवसर दे रहे हैं और महिलाएं भी प्रधानमंत्री द्वारा दी जा रही अवसरों का बखूबी निभा रही है। उन्होंने कहा कि शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत आज यह कार्यक्रम पूरे देश भर में संचालित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्चुअल माध्यम से शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की आधी आबादी महिलाओं की हर क्षेत्र में संपूर्ण भागीदारी हो इसलिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नए-नए कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं। जिस प्रकार से लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में महिला आरक्षण विधेयक पास किया गया है इससे महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में 33त्न आरक्षण के साथ भागीदारी महिलाओं को दी जाएगी।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, गुरुवार 07 मार्च 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर (विश्व परिवार)। रोटरी क्लब आफ रायपुर द्वारा गत दिवस वृंदावन हॉल में आयोजित हैरीटेज महोत्सव सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत गजल गायक पंकज उदास को सवरांजलि में मुंबई की मशहूर गायिका गायत्री असोकन ने शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री सत्यनारायण शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। **फोटो सौजन्य- सनत जैन**

महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : टंकराम वर्मा

खेल मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सशक्त नारी समागम कार्यक्रम में हुए शामिल

योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर : मंत्री श्रीमती राजवाड़े

184 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित, विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री वितरण

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े बुधवार को यहां दशहरा मैदान में आयोजित सशक्त नारी समागम कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 184 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जिसमे स्वास्थ्य विभाग से 10, शिक्षा विभाग से 17, महिला एवं बाल विकास विभाग से 21, समाज सेवा क्षेत्र से 7, सशक्त नारी 7, स्वच्छ भारत मिशन से 22 तथा करीब 100 खिलाड़ी शामिल है।इसके साथ ही विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 6 लोगों को 4-4 लाख रुपये के मान से 24 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है वह करती है जिसके फलस्वरूप सबका भरोसा हम पर कायम है।महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है जिसे ध्यान में रख कर लगातार महिलाओं को मजबूत करने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक भारत को विकसित बनने के विजन को साकार करने के लिए हम सबको मोदी जी का साथ देना होगा। उन्होंने कहा कि अब गांव- गांव में महतारी सदन बनेगा जिसमें समूह की महिलाएं बैठक या अन्य कार्यक्रम आसानी से कर सकेंगी। पहले चरण में बलौदाबाजार के 40 गांव में महतारी सदन का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार में खेल प्रतिभाओं की कमी नही है। जल्द ही जिला खेल के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ेगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे कहा कि नारी कैसे आगे बढ़े इसके लिए महिला समूहों का गठन किया गया है।अब महिलाएं केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जनधन खाता के माध्यम से महिलाओं को बैंक से लेनदेन शुरू करने की पहल की है। अब महिलाएं बेहिचक बैंक जा रही है। घर -घर शौचालय निर्माण कराकर महिला सम्मान बढ़ाने का काम किये हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ महिलाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कम दाम में गैस सिलेंडर देने की बात को भी हमारी सरकार बहुत जल्द अमलीजामा पहनाएगी। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना की राशि की पहली किश्त अगले कुछ दिनों में महिलाओं के खाते में अंतरित कर दी जाएगी। हर माह एक हजार रुपया मिलेगा जिससे दैनिक खर्च के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण कार्य मे लगा पाएंगी। हमारी सरकार बहुत तेजी से घोषणाओं को पूरा कर रही है। अब छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहने वाली है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमन योगेश वर्मा ने भी संबोधित किया।

उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 10 मार्च को

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित 2021) अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा केन्द्र पं.चक्रपाणी शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में रविवार 10 मार्च 2024 को अपरान्ह 12:00 से 02.00 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी अपने रोल नम्बर की जानकारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

अग्निवीर वायुसेना भर्ती के लिए मॉकटेस्ट 9 मार्च को

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती 11 फरवरी 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था जिसमें पंजीकृत आवेदकों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए जिन आवेदकों ने वायु सेना के लिए पंजीकृत कराया है, ऐसे आवेदकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। उक्त पंजीकृत आवेदक नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार में शीघ्र ही उपस्थित होकर अपना नाम, पता, मोबाइल नम्बर दर्ज करा सकते है अथवा कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07727299443 एवं व्हाट्सएप नम्बर 9009962186, 9827168832 पर भी प्रेषित कर सकते है। इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी हेतु जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत से सम्पर्क कर सकते है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें आवेदकों को लिखित परीक्षा से संबंधित राज्य स्तरीय मॉकटेस्ट भी ली गई है। लिखित परीक्षा हेतु अगला मॉकटेस्ट 9 मार्च 2024 को पंड़ित चक्रपाणी शुक्ल हायर सेकण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में समय 3:00 बजे से 5:00 बजे तक होगी।

संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र–01
सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हितग्राहियों को उनके समक्ष दर्शाए गए आवासीय भूखण्ड/भवन **कबीर नगर, टाटीबंध, वीरसावरकर नगर हीरापुर एवं रामकृष्ण परमहंस नगर कोटा** कॉलोनी रायपुर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, द्वारा आबंटित हैं, हितग्राहियों द्वारा निम्नलिखित आवासीय भूखण्ड/भवन को फ्री–होल्ड अधिकार में संपरिवर्तन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज, अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

क्र.	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	भूखण्ड/भवन क्रमांक
कबीर नगर रायपुर			
1	श्री अनिल कुमार दुबे	स्व. श्री एस.आर. दुबे	MIG-II/124 Ph-I
2	श्री मनोज कुमार जाखड़ एवं श्रीमती मीना जाखड़	स्व. श्री रामकिशन जाखड़ एवं श्री मनोज जाखड़	MIG(STD)-210 Ph-II
3	कुमारी पिंकी जोशी	स्व. श्री देवेन्द्र प्रकाश जोशी	MIG(STD)-153 Ph-II
4	श्रीमती वेदमती वर्मा	श्री भारतभूषण वर्मा	MIG-85
5	श्री डोगेन्द्र कुमार वर्मा	स्व. श्री देवनारायण वर्मा	MIG(KBT)-282 Ph-III
6	श्री अवनीश कुमार	श्री अनुग्रह नारायण सिंह	MD-128 Ph-IV
7	श्री एन. सरकार	स्व. श्री एच.पी. सरकार	MIG-II/04 Ph-I
8	श्री संदीप भट्टाचार्य	श्री उमानाथ भट्टाचार्य	MIG(KBT)-492 Ph-III
9	श्री विजय कुमार देशपांडे	स्व. श्री चन्द्रकांत देशपांडे	SR.MIG-92
10	श्री किशोर कुमार धोटे	श्री रामचन्द्र धोटे	MIG-II/18 Ph-II
11	श्री नन्द कुमार शर्मा	स्व. श्री पी.पी. शर्मा	MIG-II/87 Ph-I
12	श्रीमती रीता तिवारी	श्री डी.बी. तिवारी	MIG-I/164
13	श्री बक्शीश सिंह नरड़े	स्व. श्री निरंजन सिंह नरड़े	HDD-23 Ph-I
14	श्री कौशल शर्मा	श्री सतदेव शर्मा	HD-139 Ph-III
15	श्री नितिन कुमार अग्रवाल	श्री सुरेश कुमार अग्रवाल	HDD-I/262 Ph-III
16	श्री सुरेश कुमार पेरे	श्री एस.एल. पेरे	MD-155 Ph-IV
17	महेन्द्र कुमार देवांगन एवं श्रीमती संगीता महेन्द्र देवांगन	श्री मुरितराम देवांगन एवं श्री महेन्द्र कुमार देवांगन	HD-250 "B" Ph-III
18	श्रीमती प्रतीक्षा पाण्डेय	श्री चन्द्रमणी पाण्डेय	MIG-II/50 Ph-II
19	श्री मनीष प्रधान	स्व. श्री आर.पी. प्रधान	HD-150 Ph-III
20	श्रीमती लक्ष्मी लता साहू	श्री राकेश साहू	MIG(KBT)-326 Ph-III
21	श्रीमती लक्ष्मी लता साहू	श्री राकेश साहू	MIG(KBT)-327 Ph-III
वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर			
22	श्री दयाराम यादव एवं श्री बाल्मिक यादव	स्व. श्री छबिलाल यादव	LIG-II/1953 Sl-III
23	श्रीमती ऋचा सिंह गहरवार	श्री अमलेश सिंह गहरवार	JANTA-441 Sl-II
24	श्री चन्द्र कुमार उपाध्याय	स्व. श्री शत्रुहन लाल उपाध्याय	LIG-1434
25	श्रीमती पूनम सिंह	स्व. राम सिंह	HIG-537
टाटीबंध कालोनी, रायपुर			
26	श्री एल.एस. कोहली	श्री डी.एस. कोहली	HIG-13
रामकृष्ण परमहंस नगर कोटा रायपुर			
27	श्री जितेन्द्र कुमार साहू	स्व. श्री दया राम साहू	B-119
जनता कॉलोनी तिलक नगर गुढ़ियारी रायपुर			
28	श्री विनोद कुमार कुण्डु	स्व. श्री बसंत कुमार कुण्डु	JANTA-221

मकान नहीं घर बनाते हैं पीढ़ी से पीढ़ियों का रिश्ता बुनते है।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र–1
रायपुर

कृषि उत्पादक संगठन एवं सहकारी समितियों का एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। कृषि उत्पादक संगठन एवं सहकारी समितियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में हुआ। कार्यशाला में राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड द्वारा जिले में गठित 75 प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समिति (पैक्स) को शीड डीलरशिप प्रदाय किया गया। साथ ही हिन्दुस्तान इंसेक्टीसाइड लिमिटेड (एचआईएल) द्वारा 10 पैक्स एवं 3 एफपीओ को कीटनाशक की डीलरशिप दी गई। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि उत्पादकता को बढ़ावा दिया जाएं। साथ ही ऑनलाइन बिक्री वाले उत्पाद के गुणवत्तापूर्ण होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्पाद के पैकेजिंग व प्रचार-प्रसार भी बेहतर ढ़ंग से किया जाए। उत्पादों का परिवहन समय-सीमा के भीतर ही सुनिश्चित की जाए। बेहतर मैनेजमेंट से ही नागरिकों में उत्पादक के प्रति विश्वास कायम होता है।

Nava Raipur Atal Nagar Vikas Pradhikaran
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: + 91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.Website: www.navaraipuratalnagar.com

Notice Inviting Application

NIT No.: 2073 /R-05/PRJ/NRANVP/2024 — Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 05 /03/2024

Nava Raipur Atal Nagar Vikas Pradhikaran invites applications for the allotment of **Furnished Built-up space for the establishment of IT/ITeS companies** at Commercial Complex and Retail Complex of CBD, Sector – 21, Nava Raipur Atal Nagar on License basis. The Applicants shall submit the applications as per the format provided on the website.

Allotment shall be done by draw of lots. The Fixed Monthly License fee for allotment of Furnished Built-up space is **INR 300.00 per seat**. The Application Processing Fee is **INR 5,900/- only** (inclusive of GST). The important dates are as per below:

Last Date of Submission of Application	Application can be submitted till **3:00 PM** On or before **21st March 2024** *The Applicants shall be intimated later regarding the date of draw of lots*

Note: If the date of submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered as the Date of submission.

Any amendment/modification in the tender documents, will only be uploaded on the NRANVP's website https://navaraipuratalnagar.com/ and shall not be published in any newspaper.

Approved by CEO

Manager (Estate)
NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar

SAMVAD- 39926/ 3

विगत दो वर्षों से बन रही सड़क पर आज धरना प्रदर्शन

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। नागरिक सेवा समिति बलौदा बाजार वर्षों से पक्की सड़क का इंतजार कर रहे थे जो बस स्टैंड के पास से नगर पालिका कार्यालय होते हुए कॉलेज तक जाती है इस सड़क का निर्माण दो वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था परंतु 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क का निर्माण पूर्ण नहीं हो पाया है, इस मार्ग पर डाली गई प्राथमिक स्तर की सामग्री भारी वाहनों के चलते पाउडर सी बन गई है इसके कारण प्रत्येक वाहन अपने पीछे धूल का गुबार छोड़ जाता है, इससे राहगीरों को खासकर स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी होती है।

नागरिक सेवा समिति ने लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए शासन को पत्र लिखा जिस पर कोई कार्यवाही न होने के कारण नागरिक सेवा समिति के सदस्य 7 मार्च बृहस्पतिवार को नगर पालिका कार्यालय के सामने प्रात: 8:00 बजे से धरना प्रदर्शन करेंगे।

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MAMATA LOHANI W/O LATE DHIRAJ GUPT LOHANI, Resident of H.NO. 33, GULMOHAR PARK, KOTA ROAD, RAM NAGAR, RAIPUR, TEHSIL & DIST. RAIPUR, CHHATTISGARH, INDIA 492001 I have changed my Son's old name /Surname HARDIK GUPT so in future I should be recognized by my Son's new name that is HARDIK GUPTA in all Government and other documents.

MAMATA LOHANI
W/O LATE DHIRAJ GUPT LOHANI, Resident of H.NO. 33, GULMOHAR PARK, KOTA ROAD, RAM NAGAR, RAIPUR, TEHSIL & DIST. RAIPUR, CHHATTISGARH, INDIA PIN-492001

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MAMATA LOHANI W/O LATE DHIRAJ GUPT LOHANI, Resident of H.NO. 33, GULMOHAR PARK, KOTA ROAD, RAM NAGAR, RAIPUR, TEHSIL & DIST. RAIPUR, CHHATTISGARH, INDIA 492001 I have changed my Daughter's old name /Surname SHRINIKA GUPT so in future I should be recognized by my Daughter's new name that is SHRINIKA GUPTA in all Government and other documents.

MAMATA LOHANI
W/O LATE DHIRAJ GUPT LOHANI, Resident of H.NO. 33, GULMOHAR PARK, KOTA ROAD, RAM NAGAR, RAIPUR, TEHSIL & DIST. RAIPUR, CHHATTISGARH, INDIA PIN-492001

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./7454/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 04-03-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 7454
वार्ड का नाम-18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR803A00247** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **CHANDRAKUMAR KHEMCHANDANI (NOMINATED)** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANAND KHEMCHANDANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRIYANKA BARETH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LOVE KUMAR BARETH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
नेतराम चन्द्राकर
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /9944/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 05-03-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 9944
वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C0391A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ISHWAR DAYAL BISEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. BHIM RAO BISEN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHUAGAN BAI ADE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KISHAN LAL ADE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /9947/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 05-03-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 9947
वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C00366** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JIYALAL THAKRE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KOTHUJI THAKRE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. KUSUM GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DEVENDRA GUPTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /9982/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 06-03-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 9982
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801N00064** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NARENDRA PATLE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HEMRAJ PATLE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JANVI MOTWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GOPAL DAS MOTWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /9994/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 06-03-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 9994
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801I0058A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAMSEN SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JILE SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANOOP KUMAR SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHANARAM SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर गुरूवार 07 मार्च 2024

शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें: सांसद

दिशा समिति की बैठक संपन्न

कोरबा(विश्व परिवार)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्रीमती महंत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें। जिले में युवा एवं ऊर्जावान अधिकारियों की टीम मौजूद है, जिला प्रशासन द्वारा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। सांसद श्रीमती महंत ने दूरस्थ इलाकों में पोस्टमार्टम (शव परीक्षण) केंद्र, मर्च्युरी, एंबुलेंस का संचालन करने, स्वास्थ्य, विद्युत और शिक्षा जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्कूलों में बच्चों को गर्म एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमित रूप से देने के निर्देश दिए। हर घर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने दिए गए निर्देशों का पालन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सांसद श्रीमती महंत ने पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। सांसद श्रीमती महंत ने कोरबा जिले में मनरेगा के कार्यों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की।

जमीन विवाद पर भाजपा नेता को मारी गोली

रायगढ़(विश्व परिवार)। जमीन विवाद पर भाजपा नेता को गोली मारने वाले आप नेता अमर अग्रवाल को रायगढ़ पुलिस ने महज 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है. पुलिस ने दिल्ली भागने की जुगत में आरोपी को रायपुर एयरपोर्ट में धर दबोचा. इधर घायल भाजपा नेता गोपाल गिरी का रायगढ़ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में उपचार जारी है, जहां उसकी स्थिति स्थिर बताई गई है.बता दें कि सोमवार को जमीन विवाद पर खरसिया में आप नेता अमर अग्रवाल के भाजपा नेता गोपाल गिरी को गोली मारे जाने की खबर से सनसनी मच गई थी. घायल गोपाल गिरी को खरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था.इस मामले में पुलिस ने अपराध क्रमांक 134/24 धारा 294, 307, 506, 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया. मामले में विशेष टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी प्रारंभ किया गया. जांच में मालूम हुआ कि आरोपी दिल्ली भागने के फिराक में है. इस रायपुर एयरपोर्ट पहुंचकर रायगढ़ पुलिस ने रायपुर क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर आरोपी को गिरफ्तार किया।

संक्षिप्त समाचार

युवक को लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कोरबा(विश्व परिवार)। कोतवाली पुलिस ने पिछले दिनों एक युवक का रास्ता रोककर उसके साथ लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मिशन रोड कोरबा निवासी आदित्य सिंह पिता विरेन्द्र सिंह उम्र 21 वर्ष ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 3 मार्च 2024 को रात्रि लगभग 12 बजे अपने दोस्त प्रशांत यादव को भंडारी चौक से घर छोड़ने गया था। जहां से वापस अपने घर एक्टीवा से आ रहा था तभी पुरानी बस्ती के रहने वाले अंकू शर्मा एवं दुर्गेश यादव आये और कहां का है बोलकर मारपीट करने लगे तभी उसका मोबाईल निकाल कर अपने दोस्त प्रशांत को फोन किया तथा मारपीट के बारे में बताया इतने में दुर्गेश यादव मेरे हांथ में रखे मोबाईल को जबरदस्ती लूट लिया और दोनों वहां से भाग गये। दूसरे दिन सवेरे अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी जिसके बाद थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में आरोपीगणो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने प्रकरण के शामिल दोनों आरोपी दुर्गेश यादव उर्फ बाबू यादव रमन शर्मा उर्फ अंकु शर्मा, भण्डारी चौक के पास ही छीपे होने की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों आरोपीयो को भंडारी चैक में जाकर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों से पुछताछ करने पर दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया जिसके बाद दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

कलेक्टर ने जनचैपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर अजीत वसंत ने जन चैपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चैपाल में लोगों ने अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, बटांकन, मजदूरी भुगतान, राशन कार्ड, मुआवजा, वन अधिकार, आर्थिक सहायता, रोजगार हेतु ऋण दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। जनचैपाल में कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही समय सीमा सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचैपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचैपाल में ना आना पड़े।

शासकीय कार्य में लापरवाही का मामला, पटवारी मोहन लाल को किया गया निलंबित

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर अजीत वसंत ने पटवारी श्री मोहन लाल कैवर्त्य को अपने पदीय क्षेत्र में शासकीय कार्यों के निर्वहन के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार बरपाली के प्रतिवेदन के आधार पर बरपाली तहसील के पटवारी हल्का नंबर 09 ग्राम पुरैना के पटवारी श्री मोहन लाल कैवर्त्य को पदेन दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण जारी कारण बताओ सूचना पत्र के संबंध में संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इस हेतु कलेक्टर श्री बसंत ने पटवारी के उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन मानते हुए पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन काल में पटवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय पसान नियत किया गया है। साथ ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

अपर कलेक्टर दिव्या अग्रवाल ने जिले में पदभार ग्रहण की

सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)। अपर कलेक्टर दिव्या अग्रवाल ने कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू से मुलाकात की और अपना पदभार ग्रहण की। पदभार ग्रहण के दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने उनका गुलदस्ता देकर स्वागत की। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने विगत दिनों राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के दिव्या अग्रवाल पूर्व में एसडीएम सक्ती और डभरा तथा अपर कलेक्टर जिला सक्ती के पद पर कार्य कर चुकी हैं। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी का सारंगढ़ बिलाईगढ़ से जिला मुंगेली में अपर कलेक्टर स्थानांतरित हुई हैं। अपर कलेक्टर अग्रवाल ने पदभार ग्रहण के दौरान अपने कार्य के प्राथमिकता के बारे में बताया कि इस जिले को कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में सभी कार्यों में अग्रणी जिला बनाने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करेंगे।

औद्योगिक संरक्षा के साथ सड़क सुरक्षा पर ही हमें ध्यान देना होगा: एसके बंजारा

मड़वा विद्युत संयंत्र में राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

कोरबा(विश्व परिवार)। पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उत्कृष्ट कार्यशैली को अपनाना ही हमारा कर्तव्य होना चाहिए। वर्तमान समय में हमें औद्योगिक संरक्षा के साथ सड़क सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा। यह विचार राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के उद्घाटन समारोह में कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने व्यक्त किए। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 04 से 10 मार्च तक राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह समारोह में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा, कार्यक्रम के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि पॉवर कंपनी सुरक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प एवं संवेदनशील है। बीते वर्ष किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटनाएं नहीं हुईं हैं। इसके लिए संरक्षा विभाग का कार्य प्रशंसनीय है। अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) एन. साहा के समन्वय में इस कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को संचालित करते हुए कार्यपालन अभियंता (संरक्षा) नरेंद्र कुमार देवांगन द्वारा संरक्षा पर आधारित चलचित्र के माध्यम से संरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2024के लिए संरक्षा थीम-' ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें' रखी गई है। ईएसजी;मैळद्ध से यहां अर्थ पर्यावरण, सामाजिक और सुशासन से है। संरक्षा अधिकारी रीना धुरंधर द्वारा पूरे सप्ताह आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई गई। इसमें मॉकड्रिल, सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान, सुरक्षा उपकरणों का प्रदर्शन, नारा एवं निबंध प्रतियोगिता कराई जाएगी। कार्यक्रम का संचालन संरक्षा अधिकारी विजय कुमार बर्मन द्वारा किया गया।

भालू के अंग काटकर ले जाने वाले ग्रामीण गिरफ्तार

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही(विश्व परिवार)। मृत भालू के पंजे, नाखून एवं गुप्तांग काट कर ले जाने वाले आरोपियों को 18 घंटे के भीतर वन विभाग ने पकड़ने में कामयाबी पाई है. आरोपियों के विरूद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है. दो दिन पहले मरवाही वनमंडल के मरवाही वन परिक्षेत्र के लटकोनी खुर्द परिसर के जंगलो में पहाड़ी पर एक नर शावक भालू उम्र लगभग 5 माह की मृत्यु होने की सूचना मिली थी. पोस्ट मार्टम में भालू की मौत कुत्तों के हमले से होना पाया गया था, वहीं भालू के आगे पैर के दोनों पंजे, पिछले पैर का नाखून एवं गुप्तांग गायब पाए गए थे. पोस्टमार्टम के बाद भालू का वन अधिकारियों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया. वहीं दूसरी ओर भालूओं के अंग को काटकर ले जाने वाले अज्ञात अपराधियों की धर-पकड़ के लिए वन अमले ने जंगल सफारी रायपुर से डॉग स्कवायड की टीम को बुलाया था. घटना के 18 घण्टे के भीतर आरोपी अयोध्या उर्फ आदेश पिता सखन यादव, अमृत लाल पिता टेर सिंह गोंड़ और भाव सिंह वल्द धिरपाल गोंड़ ङ्क तीनों निवासी लटकोनीखुर्द को पकड़ लिया गया. आरोपियों ने पूछताछ में मृत भालू के आगे पैर के दोनों पंजे, पिछले पैर का नाखून और गुप्तांग पास रखना स्वीकार किया.

आत्महत्या करने वाले युवक को न्याय दिलाने सतनामी समाज ने किया प्रदर्शन

बिलासपुर(विश्व परिवार)। बीते दिनों तखतपुर में एक युवक के द्वारा फ ंसी लगा लेने के मामले में बिलासपुर सतनामी समाज ने बड़ा प्रदर्शन कर हत्या की आशंका जाहिर करते हुए न्याय की मांग की है। हालांकि,मामले में पहले ही पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक के एक दोस्त को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व तखतपुर में योगेश नामक युवक की फांसी के फंदे पर लटकती हुई लाश मिली थी। मामले में पुलिस ने आत्महत्या का मामला बनाकर जांच शुरू की थी। वहीं जांच के दौरान मृतक के एक दोस्त नरेन्द्र ठाकुर के साथ मृतक विवाद होने की जानकारी मिली थी। पुलिस को पता चला था कि नरेंद्र ठाकुर ने योगेश को अपना आईफोन चलाने के लिए दिया था जो कि योगेश के पास से गुम हो गया था। जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान नरेंन्द्र ने योगेश के साथ गाली-गलौच कर मारपीट भी की थी। जिसके बाद योगेश ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदेही नरेन्द्र को गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मृतक योगेश के दोस्त नरेंद्र ठाकुर के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। जिसके बाद अब सतनामी समाज ने पुलिस पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए मृतक युवक को न्याय देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए युवाओं का पंजीयन कराने में मदद करने का दिए निर्देश

सूरजपुर(विश्व परिवार)। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में अग्निवीर थल सेना भर्ती के संबंध में चर्चा की। जिसमें उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अग्निवीर थल सेना भर्ती में जिले से वर्तमान रजिस्ट्रेशन की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने बैठक में उपस्थित रोजगार अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी व जनपद सीईओ को अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदकों को पंजीयन के संबंध में आवश्यक जानकारी देने एवं पंजीयन में सहयोग करने के निर्देश दिए। उपस्थित सभी अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया के सम्बंध में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं जिले में ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों को अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए प्रेरित करने की बात भी उन्होंने की। बैठक में रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) को लेकर भी चर्चा की गई, जिसमें दर्शन के लिए जिले से जाने वाले हितग्राहियों की मेडिकल जांच के लिए कलेक्टर ने समस्त जनपद सीईओ को निर्देशित किया। इसके साथ ही नवीनीकरण वाले राशन कार्ड का वितरण भी शीघ्र से शीघ्र हो इसके लिए उन्होंने जनपद सीईओ को निर्देशित किया। सेवानिवृत कर्मचारियों को उनके रिटायर्मेंट के दिन में ही पीपीओ जारी हो जाये इसके लिये कलेक्टर ने सभी उपस्थित विभाग प्रमुखों को जीएफ और पेंशन के प्रकरणों को रिटायरमेंट दिवस के पूर्व ही तैयार करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जन चौपाल अंतर्गत शिविर के लंबित मामलों पर भी बिन्दुवार चर्चा की गई। जिसमें कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को वर्गीकृत कर पेंशन, दिव्यांग व जनहित से जुड़े प्रक्ररणों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने नियमित रूप से प्रकरणों पर समयबद्ध समाधान कारक निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही न्यायालय के प्रकरण, मुख्यमंत्री जन चौपाल से प्राप्त आवेदन व अन्य लंबित प्रकरणों पर भी विभागवार चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जनदर्शन के माध्यम से सीईओ ने सुनी लोगों की समस्याएं

राशन, पेंशन, चिकित्सा सहित विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे थे आवेदक

रायगढ़(विश्व परिवार)। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने जनदर्शन के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की मांगे एवं समस्याएं सुनी। मौके पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे। सीईओ यादव ने प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं प्रधानमंत्री आवास योजना की मांग को लेकर पहुंची थी। सीईओ यादव ने शासन के नियमानुसार पात्र आवेदकों को लाभ दिलाए जाने की बात कही। जनदर्शन में आज ग्राम-औरदा डीपापारा के मोहल्लेवासी बोर खनन एवं पंप स्थापना की स्वीकृति के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि यहां मोहल्ले में विगत कुछ वर्षो से पानी की बहुत समस्या हो रही है, घरों में नल तो लगे है लेकिन उसमें पानी की सही सप्लाई नहीं हो पा रही है। आगामी ग्रीष्म ऋतु आने वाली है, जिसको लेकर यहां लोग काफी चिंतित है। अगर यहां बोर खनन एवं पंप स्थापना हो जाती तो पानी की समस्या से निजात मिल जाती। सीईओ यादव ने जनपद सीईओ पुसौर को आवेदन पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम-कांटाहरदी के ग्रामीण नाली निर्माण की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि कांटाहरदी से अमलीपाली मुख्य मार्ग तक डामरीकरण को पूर्ण किया गया है। लेकिन रोड किनारे के नाली निर्माण को अधूरा छोड़ दिया गया है। जिससे आने वाले बरसात के समय काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। सीईओ यादव ने ईई पीडब्ल्यूडी को शीघ्र ही नाली निर्माण कराये जाने के निर्देश दिए। लामीदरहा के ग्रामीण आंगनबाड़ी भवन निर्माण कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि लामीदरहा से 3 किलो मीटर की दूरी पर आंगनबाड़ी भवन है, जिससे यहां के बच्चों को वहां तक लाने ले जाने में दिक्कत हो रही है। ग्राम पाली पोस्ट गेरवानी के हराराम सिदार दिव्यांग पेंशन दिलाये जाने के संबंध में आये थे। उन्होंने बताया कि वे 45 प्रतिशत विकलांगता की श्रेणी में आते है। रोजी-मजदूरी करने में सक्षम नहीं है, जिसकी वजह जीवन-यापन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस संबंध में गांव के सरपंच, सचिव को भी आवेदन दे चुके है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पायी है। सीईओ यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारी को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। गुरूदास महंत अपने इलाज हेतु सहायता राशि की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि विगत 7-8 माह से कान व गले में दर्द होने पर डॉक्टरों को दिखाने पर रायपुर में चेकअप कराने हेतु कहा। रायपुर में इलाज हेतु चेकअप कराया गया, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बार-बार रायपुर आने-जाने एवं इलाज कराना संभव नहीं हो पा रहा है।

संपादकीय

ये आंकड़े चुनावी हैं...

उल्लेखनीय है कि दो वर्ष बाद आंकड़ों में संशोधन किया गया है। तो प्रश्न है कि क्या अब बताए गए आंकड़े अंतिम हैं? या आम चुनाव के माहौल में सुर्खियां बटोर लेने के बाद इनमें भी परिवर्तन किया जाएगा? राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने आर्थिक वृद्धि संबंधी आंकड़ों में कई संशोधन किए और नतीजा हुआ कि भारत के 2023-24 के आंकड़ों में चमत्कारिक वृद्धि हो गई। पिछले महीने एनएसओ ने यह वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। अब इसे बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। बताया गया कि वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में यह दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंच गई। चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में अनुमानित सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) को बढ़ा कर 6.9 प्रतिशत पर रखा गया है। तो यह देखना दिलचस्प होगा कि आखिर बाकी संशोधन किस आधार पर किए गए। एनएसओ ने 2022-23 में दर्ज हुई जीडीपी वृद्धि दर को घटाकर अब 7.2 से 7 प्रतिशत कर दिया है। जाहिर है, जब आधार नीचे हुआ, तो इस वर्ष की वृद्धि दर ऊंची हो गई। वैसे संशोधन 2021-22 (कोरोना महामारी के ठीक बाद वाले साल) के आंकड़ों में भी किया गया, जिसे अब 9.1 से बढ़ाकर 9.7 प्रतिशत कर दिया गया है। तो चूंकि वह आधार ऊंचा हुआ, तो अगले वर्ष की वृद्धि दर गिर गई। उधर पिछले वित्त वर्ष के बारे में बताया गया था कि जीवीए वृद्धि 7 प्रतिशत रही। लेकिन अब इसे घटा कर 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। तो यहां भी आधार नीचे हुआ। उससे चालू वित्त वर्ष का अनुमान ऊंचा हो गया। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष बाद आंकड़ों में संशोधन किया गया है। तो प्रश्न है कि क्या अब बताए गए आंकड़े अंतिम हैं? या आम चुनाव के माहौल में सुर्खियां बटोर लेने के बाद इनमें भी परिवर्तन किया जाएगा? यह देखकर कहानी कुछ और रहस्यमय हो जाती है कि एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष में निजी उपभोग में अब सिर्फ तीन प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया है, जबकि जनवरी में जारी आंकड़ों में इसके 4.4 प्रतिशत रहने का अंदाजा लगाया गया था। उधर कृषि क्षेत्र के जीवीए में 0.8 फीसदी की गिरावट आने का अनुमान लगाया गया है, जबकि पूरे वर्ष में महज 0.7 प्रतिशत वृद्धि की बात कही गई है। फिर भी संभवत: कुछ चुने हुए आंकड़ों के आधार पर खुशहाली की कहानी बुनी गई है।

विचार

कांग्रेस में सीटिंग गेटिंग का फॉर्मूला

एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी थोक के भाव सांसदों की टिकट काटने जा रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस यथास्थिति रखने वाली है। पार्टी के जानकार सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस इस बार शायद की किसी सांसद की टिकट काटेगी। राज्यों से भी सभी मौजूदा सांसदों के नाम की सिफारिश की जा रही है। कांग्रेस के साथ मुश्किल यह है कि उत्तर भारत के राज्यों में उसके गिनती के सांसद हैं। उनमें से भी झारखंड की सिंहभूम सीट से जीती कांग्रेस की सांसद गीता कोड़ा भाजपा में चली गई हैं तो उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से जीतीं सोनिया गांधी चुनाव नहीं लड़ेंगी। वे राज्यसभा में चली गई हैं। इसलिए इन दो सीटों पर नए उम्मीदवार देने होंगे। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के नकुलनाथ इकलौते सांसद हैं, जो छिंदवाड़ा से जीते थे। वे इस बार भी लड़ेंगे और छत्तीसगढ़ के दोनों सांसदों- कोरबा की ज्योत्सना चरणदास महंत और बस्तर के दीपक बैज को फिर से टिकट मिलेगी। कर्नाटक में कांग्रेस सिर्फ एक बेंगलुरू ग्रामीण सीट से जीती थी। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश उस सीट से सांसद हैं और फिर से उनको ही इस सीट पर लड़ना है। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 19 सीटें जीती थीं, जिसमें 15 सीटें कांग्रेस की थी। इस बार केरल प्रदेश कमेटी ने सभी 15 मौजूदा सांसदों को फिर से टिकट देने का प्रस्ताव पार्टी आलाकमान को भेजा है। इसमें राहुल गांधी की वायनाड सीट भी है। तेलंगाना में कांग्रेस तीन सीटों पर जीती थी। रेवंत रेड्डी के मुख्यमंत्री बनने और एन उत्तम कुमार रेड्डी के मंत्री बनने से दो सीटें खाली हुई हैं। वहां नए उम्मीदवार होंगे लेकिन तमिलनाडु में सभी नौ सांसदों को रिपीट किए जाने की खबर है। बिहार में कांग्रेस एकमात्र किशनगंज सीट जीती थी, जहां से मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद को फिर से टिकट मिलेगी। पश्चिम बंगाल की दोनों सीटों- बहरामपुर और माल्दा दक्षिण पर मौजूदा सांसद- अधीर रंजन चौधरी और अबू हाशिम खां चौधरी ही चुनाव लड़ेंगे।

गडकरी अच्छे या मोदी?

जवाब व्यक्ति की सत्यवादी बनाम अंधविश्वासी मनोदशा में होगा। हम हिंदू अंधविश्वासी हैं। अवतार में विश्वास रखते हैं। इलहाल और झूठ में जीते हैं। इसलिए प्रोपेगेंडा के दस साला महाअभियान में डूबे असंख्य लोग मोदी को नि:स्वार्थी लोक सेवक, व्रत-उपवास रखने वाला धार्मिक तथा कर्मयोगी भगवान समझते हैं। मगर मनुष्यता की कसौटी में सत्य से जीने वाले समझदारों में यदि जन सर्वेक्षण हो, भाजपा-संघ के भीतर भी सर्वे हो तो नतीजा क्या होगा? मेरा मानना है गडकरी जीतेंगे, मोदी हारेंगे। इसलिए क्योंकि मेरी धारणा है इंसान अंतत: अच्छाई का आकांक्षी है। और प्रमाण में इतिहास है तो मोदी की इमेज में विश्व मीडिया का आईना है। सनातन धर्म का भी शाश्वत सत्य है कि मर्यादा का मान है, राम की पूजा है। जबकि अहंकार और रावण अमान्य हैं। ध्यान रहे राम-रावण की कथा हम हिंदुओं की ही है। मेरा दो व्यक्तियों के सवाल में इतना पीछे जाना इसलिए जरूरी है क्योंकि 140 करोड़ लोगों का देश इस वक्त ऐसा बंटा हुआ है कि झूठ को सत्य मानते हैं और सत्य को झूठ। बहुत ही मुश्किल है। मैं पहले भी लिखता रहा हूं कि आज की राजनीति नेहरू, नरसिंह राव, वाजपेयी, मनमोहन सिंह को कितना ही खारिज करे लेकिन आजाद भारत के इतिहास में ये सहज-सरल-मर्यादित राजनीति के अच्छे चेहरे थे और हमेशा रहेंगे। सो, कसौटी अच्छा होना और भलेपन की है। अहंकार और झूठ से न नेता की पुण्यता टिकाऊ होती है और न नस्ल और देश का भला होता है। दरअसल इस सप्ताह की घटनाओं से मेरा ध्यान चेहरों पर हुआ। हिमाचल, यूपी, कर्नाटक में दलबदल, गुजरात से लेकर झारखंड में नेताओं की खरीद फरोख्त और भाजपा के टिकटों की चर्चा में बहुत कुछ सुना। नितिन गडकरी, प्रतिभा सिंह, मधु व गीता कोड़ा, डीके शिवकुमार पर सोशल मीडिया के हेडिंग और कवर दिखे तो नरेंद्र मोदी 'द डिक्टेटर' वीडियो की लोकप्रियता के आंकड़े मालूम हुए। पर फिर सवाल था कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यह सब देख, जान लोग क्या अच्छे-बुरे का फैसला करने में समर्थ हैं?

न बोली लगाएंगे,न दान लेंगे,समय के हर पल का सदुपयोग करेंगें.....

■ आचार्य विशुद्ध सागरजी के सान्निध्य में सुमति धाम इन्दौर में अद्भुतपंचकल्याणक

-राजेंद्र जैन

इंदौर (विश्व परिवार)। इन्दौर इन्द्रपुरी इन्दौर के नाम से विख्यात धार्मिक नगरी मालवा को कहावत पग-पग रोटी-डग-डग नीर' की कहावत को चरितार्थ करती नजर आ रही है । चर्या शिरोमणि श्रमणाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ 35 पिच्छी के पावन सान्निध्य में 6 से 11 मार्च 2024 को एक ऐसा अद् ?भुत, जैन जगत में अकल्पनीय ऐतिहासिक पंच कल्याणक होने जा रहा है जो जैन धर्म की वाणी को डिजीटल माध्यम से जन-जन में प्रसारित करने में कारगर बनेगा । अभूतपूर्व मुहूर्त के पल-पल का सदुपयोग करने की उज्जवल दृष्टि को ध्यान में रखते हुए इस पंचकल्याणक में किसी से भी एक रूपए का न तो चंदा लिया जा रहा है, न ही बोलियां लगाई जा रही है, न ही कोई दान राशि लेने की इच्छा है । गोधा परिवार, गांधीनगर इन्दौर द्वारा 'सुमति-धाम' गोधा एस्टेट में किए जा रहे इस अभूतपूर्व आयोजन की तैयारियां देखकर लेखक का मन प्रसन्न हुआ । जैन धर्म के गौरवशाली युवा, दम्पति सपना-मनीष गोधा अपनी माँ प्रभा स्व. सुरेश गोधा के आशीर्वाद से इस आयोजन को अंतर्राष्ट्रीय ऊंचाईयां देने में कामयाब होंगे ।

सुमतिनाथ दि. जैन मंदिर का निर्माण एक विशेष परिकल्पना

बाहर से बंसी पहाड़पुर व अन्दर से मकराना मार्बल से निर्मित यह मंदिर अदभुत नक्काशी व शिल्पकला का उदाहरण बना है । बास्तुशिल्पी किशोर सोमपुरा के द्वारा परिकल्पित मंदिर को मात्र दो वर्ष में दिन-रात, चौबीसों घण्टों की मेहनत से तैयार किया गया है । विशाल मंदिर में पंचम तीर्थकर 1008 श्री सुमतिनाथ जी की श्वेत वर्णी प्रतिमा जो 51 इंच की है, विराजमान की जावेगी । वियतनाम के अखण्ड मार्बल से निर्मित प्रतिमा मंदिर स्थल पर ही निर्मित की गई है । 64 खम्बों के बीच मनमोहक श्री सुमतिनाथजी की प्रतिमा दर्शनीय होगी ।

24 तीर्थकर प्रतिमाओं से सुसज्जित होगा मानस्तंभ

मंदिर के सम्मुख मानस्तंभ में 24 तीर्थकर प्रतिमाओं को विराजित किया जाएगा । 24 तीर्थकर प्रतिमाएं भी मंदिर स्थल पर ही उत्कीर्ण की गई है, मान कषाय न हो इसलिए 24 परिवारों से एक-एक रुपये की रशि मात्र लेकर उनके नाम लिखे जाएंगे । मंदिर के सम्मुख विशाल प्रवेश द्वार भी निर्मित किया गया है, जो मंदिर को भव्य बनाता है । मेरे अनुमान से चौबीस तीर्थकर प्रतिमाओं का यह मानस्तंभ संपूर्ण भारतवर्ष में अनूठा होगा, जो कि विश्व में पहला होगा ।

डिजीटल अत्याधुनिक पाठशाला, प्रवचन कक्ष

मंदिर के समीप ही एक पाठशाला व प्रवचन कक्ष का निर्माण काया गया है जिसमें बह्य एलईडी, प्रोजेक्ट कम्प्यूटराईज्ड कक्ष होगा । डिजीटल स्मार्ट क्लास जैसी पाठशाला होगी जिसमें सब कुछ अत्याधुनिक व डिजीटल होगा । जिससे आज के स्मार्ट बच्चे स्मार्ट तरीके से जैन धर्म को सीख सकेंगे । वहीं स्मार्ट प्रवचन हॉल वातानुकूलित होगा जिसमें नियमित प्रवचन सभा भी होगी ।

दस हजार वर्गफीट में बना है भव्य संत निवास सौभाग्य सदन

मंदिर के समीप ही दस हजार वर्गफीट एरिये में संत निवास का निर्माण भी पूर्णता की ओर है, संत निवास में कमरों के साथ नीचे वातानुकुलित हाल भी निर्मित किया गया है जिसमें समय-समय पर मण्डल विधान, प्रवचन आदि भी पूर्ण हो सकेंगे। संत निवास सौभाग्य सदन के नाम से पहचाना जाएगा ।

पंचकल्याणक डिजिटल होगा पत्रिका प्रिंट नहीं होगी

अत्याधुनिक तकनीक से हो रहे इस पंच कल्याणक के परिकल्पनाकार सपना मनीष गोधा ने बताया कि उनका लक्ष्य युवाओं को धर्म से जोड़ना है, इसलिए पंच कलाणक के इन्द्र-इन्द्रणी से लेकर आवास आदि समस्त व्यवस्थाएं डिजीटल रूप से ही उपलब्ध रहेगी । रजिस्ट्रेशन आन लाइन ही होंगे । बिना किसी शुल्क के होने वाले इस पंचकल्याणक के लिए 1008 युवा इन्द्र-इन्द्रणी का रजिस्ट्रेशन हो चुका है । सभी को धोती, दुपट्टा, साड़ी मुकुद, आवास आदि की व्यवस्था की गई है । पंचकल्याणक का प्रसार डिजीटल मीडिया, सोशल नेटवर्क पर ही होगा । पत्रिका कार्ड आदि प्रिंट नहीं कराये जाएंगे । डिजिटली पंचकल्याणक को लेकर युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह है ।

लेजर शो, ड्रोन शो, प्रोजेक्ट मेपिग का होगा डिजिटली प्रदर्शन

पंचकल्याणक के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों में भी लेजर शो, ड्रोन शो, प्रोजेक्ट मेपिंग आदि नई तकनीकों के माध्यम से जैन धर्म की विशेषताओं, तीर्थ दर्शन आदि को प्रस्तुत किया जाएगा जो जैन जगत में सम्भवत: पहली बार ही होगा । मंच पर 1800 वर्ग फीट का एलईडी रहेगा । लगभग 70 हजार लोग बैठ सकें, ऐसा वातानुकूलित पाण्डाल बनाया गया है । पंचकल्याणक में 4 हजार वर्ग फीट एलईडी का प्रयोग किया जाएगा । पचास चौके, वीआईपी कॉटेज, 4 भोजनशालाएँ आदि व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न होगी। अभूद सभा मण्डप

बनाया जायेगा । 1008 इन्द्र इन्द्राणी का सामूहिक हल्दी-मेहंदी का आयोजन 5 मार्च को संपंन्न हुआ । पंचकल्याणक के विशाल प्रांगण में 1008 इन्द्र इन्द्राणी को सामूहिक रूप से हल्दी-मेहंदी लगाई गई । यह नजारा भी पहली बार देखने को मिला ।

आठ दिनों में आठ बड़े संगीतकार जिनमें धैर्य राठोर, रुपेश जैन, अजित जैन कुचामन, रागिनी मक्कड़ आदि अपनी प्रस्तुति देंगे। अंतर्राष्ट्रीय गायक अजीत जैन देश भर में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए जाने जाते हैं। सम्पूर्ण परिसर नो बीकल झोन रहेगा । बच्चों के लिए प्ले झोन बनेगा, परिसर में इलेक्ट्रॉनिक कार से आना जाना होगा।

आचार्य संघ का भव्य प्रवेश गत दिवस संपंन्न हुआ । जिसमें नौ राज्यों के बैण्ड, विंटेज कार, हेलीकाप्टर से होगी पुष्प वर्षा की गई । आगवानी हेतु सपना मनीष गोधा ने बताया कि गुरुदेव के प्रवेश के दौरान हाथी, घोड़े, बग्गी, के साथ इन्द्र-इन्द्राणी विंटेज कार में रहें। नौ राज्यों व शहर के बैण्ड भक्ति रस को बरसाया ।

ऐतिहासिक अद्भुत भव्य प्रवेश होगा

जो इन्दौर नगर के इतिहास में दर्ज किया जाएगा। सम्पूर्ण आयोजन में कोशिश की जा रही है कि सभी कार्यकर्ता जैन हों, शुद्धता रहे। प्रतिष्ठाचार्य के रूप में विद्याभूषण पं. प्रदीप कुमार जैन 'मधुर' मुंबई व सह प्रतिष्ठाचार्य के रूप में पं. चंद्रकांतजी गुडया इंडी कर्नाटक, पं. आनंद उपाध्ये सबदी कर्नाटक, पं. नितिन झांझरी इन्दौर, बा. ब्र. पीयूष प्रसून सतना रहेंगे । परामर्शदाता के रुप में पं.श्री रतनलालजी शास्त्री इन्दौर है ।

मंदिर निर्माण के परिकल्पना सपना मनीष गोधा ने बताया कि 16 जनवरी 2022 को प्रारंभ निर्माण कार्य 16 जनवरी 2024 को समाप्त हो गया है । उन्होंने जो स्वप्न देखा था उसे साकार करने में प्रेरणा प्रदाता अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज के पावन सन्निध्य में 11 दिसम्बर 2019 को भूमिपूजन सम्पन्न हुआ था । उल्लेखनीय है कि गोधा परिवार के द्वारा अंतर्मना की प्रेरणा से पंद्रह सौ समाजजनों को सर्वसुविधायुक्त सम्मेदशिखरजी की यात्रा कराई थी ।

गांधीनगर के श्रावक श्रेष्ठी श्री विमलचंदजी छाबड़ा ने बताया कि गांधी नगर की श्राविका प्रभा-स्व. सुरेश जी गोधा परिवार द्वारा होने वाला यह आयोजन अद्भुत होगा । गांधीनगर के इतिहास में यह आयोजन, जिनेन्द्र भक्ति की उत्कृष्ट अर्चना हेतु नये आयाम लिखेगा । सम्पूर्ण गांधी नगर व इन्दौर दिगम्बर जैन समाज इस आयोजन की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहा है।

प्रभा गोधा, सपना-मनीष गोधा परिवार द्वारा सम्पूर्ण देश भर को उक्त अयोजन में पुण्य लाभ हेतु आमंत्रित किया गया है ।

मंडी में मनीष सिसोदिया नहीं बिके!

हरिशंकर वस

भाजपा ने भर्ती मेला लगा रखा है, जिसको अब मिलन समारोह का नाम दिया गया है। इस मेले में कहीं से आकर कोई भी भी नेता बिक रहा है। भर्ती हो जा रहा है। तभी इस सप्ताह जब दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के जेल में एक साल पूरे होने की खबर सुनी तो लगा यह बंदा अलग निकला। इसने भाजपा के आगे सरेंडर नहीं किया। ऐसे ही आप के सांसद संजय सिंह का मामला है। वे भी जेल में है। इन दोनों के पास मौका था।वे भी भाजपा में भर्ती हो जाते तो उनकी मुश्किलें समाप्त होती। वे भी साफ-सुथरे हो जाते। सोच सकते हैदेश की राजनीति अभी जैसी है और नेता, विधायक, सांसद जैसे बिक रहे है तो इन दोनों ने सौदा न करके क्या मूर्खता नहीं की?ये बिना मतलब के राजनीतिक विचारधारा से चिपके है।पार्टी और नेता के प्रति निष्ठा की डोर से बंधे है और जेल में सड़ रहे है! मनीष सिसोदिया को जेल में बंद हुए 26 फरवरी को एक साल हुआ। वे धन शोधन कानून की जिस धारा के तहत गिरफ्तार हुए हैं उसमें दोषी होने पर अधिकतम सात साल की सजा होती है। लेकिन बिना सुनवाई के ही वे एक साल से जेल में बंद हैं। अगर किसी तरह से वे बरी हो गए तो क्या होगा? जेल में बिताया गया उनका समय कौन लौटाएगा? केंद्र की सर्व शक्तिशाली एजेंसी कह रही है कि जमानत दे दी तो वे सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं।सवाल है कि अब कौन सा सबूत बाहर बचा हुआ है, जो ईडी ने जब्त नहीं कर लिया है? जिनको आरोपी के तौर पर गिरफ्तार किया था उनको सरकारी गवाह बना लिया गया है और सारे सबूत दो केंद्रीय एजेंसियों- सीबीआई और ईडी के कब्जे में हैं। फिर भी एजेंसियों को लग रहा है कि सिसोदिया सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे, गवाहों को प्रभावित करेंगे और उससे भी हैरानी की बात यह है कि अदालतों को इस परीकथा पर यकीन भी है। देश की सर्वोच्च अदालत ने सिसोदिया का मामला सुनते हुए एजेंसियों से कहा था कि सबूत लाएं नहीं तो यह केस सुनवाई के दौरान एक मिनट नहीं टिकेगा। फिर भी उनको जमानत नहीं मिली। पर सिसोदिया का जीवट देखिए कि वे न तो सरकारी गवाह बने और न भाजपा की सदस्यता लेकर अपनी जान बचाई। सोचें, उनका बेटा बाहर रहता है और पत्नी की तबियत बहुत ज्यादा खराब है। अदालत के आदेश से उनको अपनी बीमार पत्नी से मिलने का मौका मिलता है। फिर भी उन्होंने जमानत के लिए या अपने मुकदमे में राहत के लिए कोई समझौता नहीं किया। इसी तरह संजय सिंह को धन शोधन के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। लेकिन सारा मामला परिस्थितिजन्य सबूतों पर आधारित है। उनको चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। वे भी पांच महीने से जेल में हैं। उनकी जमानत का भी विरोध इस आधार पर है कि वे बाहर आए तो सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे और गवाहों को प्रभावित करेंगे। इस लिहाज से कह सकते हैं कि देश की सबसे बड़ी समस्या गवाहों और सबूतों की सुरक्षा का है। अगर केंद्र सरकार की ताकतवर एजेंसियों को यह खतरा घेरे रहता है कि उसके पास जो सबूत हैं या उसके जो गवाह हैं उन्हें प्रभावित किया जा सकता है तो फिर ये एजेंसियां किस बात की ताकतवर हैं? दुनिया के किसी भी सभ्य देश में ऐसा नहीं होता है। गिरफ्तारी के तुरंत बाद आरोपी की हैसियत के हिसाब से बॉन्ड जमा करा कर जमानत दी जाती है और जल्दी से जल्दी सुनवाई पूरी करके फैसला होता है। भारत में सबूतों और गवाहों की सुरक्षा के एक लचर तर्क के आधार पर आरोपियों को लंबे समय तक जेल में रखा जाता है और उसके बाद दशकों तक सुनवाई चलती रहती है, फैसला नहीं आता है। सोचे इस देश की कानून-व्यवस्था ही क्या तानाशाही, लोगों को डराने, गुलाम बनाने का तानाबाना नहीं है। क्या सुप्रीम कोर्ट ने कभी इस पर विचार किया? बहरहाल, जेल में बंद सिसोदिया और संजय सिंह ने राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता और दलगत निष्ठा की मिसाल बनाई है। पर सिसोदिया का जीवट देखिए कि वे न तो सरकारी गवाह बने और न भाजपा की सदस्यता लेकर अपनी जान बचाई। सोचें, उनका बेटा बाहर रहता है और पत्नी की तबियत बहुत ज्यादा खराब है। अदालत के आदेश से उनको अपनी बीमार पत्नी से मिलने का मौका मिलता है। फिर भी उन्होंने जमानत के लिए या अपने मुकदमे में राहत के लिए कोई समझौता नहीं किया। इसी तरह संजय सिंह को धन शोधन के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। लेकिन सारा मामला परिस्थितिजन्य सबूतों पर आधारित है। उनको चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। वे भी पांच महीने से जेल में हैं। उनकी जमानत का भी विरोध इस आधार पर है कि वे बाहर आए तो सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे और गवाहों को प्रभावित करेंगे। इस लिहाज से कह सकते हैं कि देश की सबसे बड़ी समस्या गवाहों और सबूतों की सुरक्षा का है। अगर केंद्र सरकार की ताकतवर एजेंसियों को यह खतरा घेरे रहता है कि उसके पास जो सबूत हैं या उसके जो गवाह हैं उन्हें प्रभावित किया जा सकता है तो फिर ये एजेंसियां किस बात की ताकतवर हैं? इन दोनों चीजों का भारतीय राजनीति से भयावह क्षरण है। सत्ता के साथ जुड़ना या पद की भूख हर नेता के जीवन की प्राथमिकता हो गई है। केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से अपनी और अपने परिवार के दूसरे सदस्यों की रक्षा करना भी ज्यादातर नेताओं की चिंता है। इसलिए भाजपा के लिए बहुत आसान है कि वह किसी भी नेता को तोड़ ले। चार दशक तक कांग्रेस के साथ रहे नेता किसी न किसी निजी स्वार्थ या डर के कारण पार्टी बदल रहे हैं।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, गुरुवार 07 मार्च 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज ने कहा- जिस इंसान के पास सब्र की ताकत है, उस व्यक्ति से कोई भी मुकाबला नहीं कर सकता

औरंगाबाद (विश्व परिवार)। भारत गौरव साधना महोदधि सिंहनिष्क्रिड़त व्रत कर्ता अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज एवं सौम्यमूर्ति उपाध्याय 108 श्री पीयूष सागर जी महाराज ससंघ का महाराष्ट्र के ऊदगाव में विराजमान है इस दौरान भक्त को प्रवचन कहाँ की जिस इंसान के पास सब्र की ताकत है, उस व्यक्ति से कोई भी मुक़ाबला नहीं कर सकता। यदि सब्र ना हो तो कब्र खोदकर उसमें सो जाना चाहिए। क्योंकि अब तुम्हें जीने का, और प्रार्थना करने का कोई अधिकार नहीं है। मन से उठी प्रार्थनायें, कभी खाली नहीं जाती। प्रार्थना के साथ प्रयत्न भी जरूरी है,, प्रयास भी जरूरी है। कलयुग में केवल प्रार्थना से काम नहीं चलता है बाबू! फल सिद्धि के लिए प्रयत्न भी करना पड़ता है। आज इस देश में समस्याओं के समाधान के लिए प्रार्थनाएं तो जोर शोर से हो रही है। मगर लगता है कि प्रार्थनाओं के अनुरूप ईमानदारी से प्रयास नहीं हो रहा है। अच्छे के लिए प्रयास करो, शुभ के लिए कामना करो, और सबके मंगल के लिए प्रार्थना करो। पूरे कुए में भांग घुली है, तो तय है कि हम अकेले कुछ नहीं कर सकते, पर कम से कम एक बालटी गंदे पानी को स्वच्छ करने के लिए फिटकरी डालने जितना काम तो कर ही सकते हैं ना। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के उप सचिव श्री जे. के. अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक श्री प्रदीप कुमार साहू और सहायक सचिव श्री आर.के. सोंधिया द्वारा आज आयोजित हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केन्द्र खालसा हायर सेकेण्डरी स्कूल रायपुर, पंडित सुंदरलाल शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर, सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल पुरानी बस्ती और राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय विद्यालयों में वीक्षकों को गंभीरता के साथ परीक्षा ड्यूटी करने और सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल में बैठक व्यवस्था में सुधार करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा शांति पूर्वक संचालित पाई गई।

जैन धर्मावलंबियों ने मनाया तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का ज्ञान कल्याणक

जयपुर (विश्व परिवार)। जैन धर्मावलंबियों ने बुधवार 6 मार्च को जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का ज्ञान कल्याणक दिवस एवं ग्यारहवें तीर्थंकर भगवान श्रेयांस नाथ के जन्म व तप कल्याणक दिवस मनाया।इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मन्दिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये गये। गुरुवार, 7 मार्च को 20 वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस तथा निर्वाणोत्सव मनाया जावेगा। इस मौके पर निर्वाण लाडू चढाया जावेगा। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि बुधवार को प्रात: आदिनाथ भगवान एवं श्रेयांस नाथ भगवान के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ भगवान आदिनाथ का ज्ञान कल्याणक श्लोक फाल्गुन वदि एकादशी उपज्यो केवल ज्ञान।

मुनि श्री 108 संधान सागरजी महाराज ने कहा- औरो से आत्मीयता- मेरी श्वांस है

भामदेवी (विश्व परिवार)। संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिन्य युवा वरणारी के प्रखर वक्ता मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने कहा कि स्वयं के कष्टों के प्रति सहनशील बनो एवं दूसरो के कष्टो के प्रति संवेदन शील। आज संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है और क्रूरता बढ़ती जा रही है। जब तक हम जीव मात्र का अपने समान नहीं मानन् तब तक हम भी कष्ट हो उठाते रहेगे। किसान पुछा धर्म को संक्षिप्त परिभाषा क्या है - जो व्यवहार आप अपने प्रति चाहते हो वह धर्मा। दूसरो के प्रति वही व्यवहार करो जो आप अपने प्रति चाहते हो। मुनि श्री कुन्थू नाथ भगवान की स्तुति करते हुए यही बता रहे थे, को कुन्थू जैस छोटे से छोटे पानी से लेकर बड़े से बड़े पाणी पर दया करने वाले होने से उनका नाम कुन्युनाथ बहुत सार्थक है। बेदना होगी तभी संवेदना होगा। भक्तो के वश होते है भगवान जी परम पूज्य मुनि श्री 108 संधानसागर महाराज वाशिम के भामदेवी ग्राम में पंचकल्याणक हेतु विराजित है। 5 किमी . पर एक बाढोना ग्राम है, जहाँ के कहाते परिवार आचार्य श्री के अनन्य भक्तो में से एक है, उन्हीं ने आचार्य श्री से इस पंचकल्याणक का आशीर्वाद लिया था। बाढोना ग्राम के मूलनायक आदिनाथ भगवान को भी पुन: प्रतिष्ठा होनी थी। समाज के प्रबल आग्रह पर पूज्य मुनिश्री संधान सागर जी महाराज अचानक बाढोना पहुंच गये उनके सानिध्य में शांतिनाथ विधान, बृहत शांतिकर्म होकर विशाल प्रतिमा का निष्ठापन हुआ। पूज्य मुनिश्री का उपवास था फिर भी 10-12 चरू) - उनके लिए बुछ नहीं, भक्तो क भावना उन्हें अपने गांव तक लेही आयी। कड़कती दोपहर में मुनि श्री वापस आकर भामदेवी के भक्तो को भी लाभ दिये। **-विद्यावाणी संकलन**

आर्यिका विजय मति माताजी संध का निवाई से सांगानेर के लिए हुआ मंगल विहार

निवाई (विश्व परिवार)। गणिनी आर्यिका105 विशुद्धमति माताजी की शिष्या आर्यिका 105 विजयमति माताजी संध का निवाई से सांगानेर के लिए मंगल विहार हुआ।

जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि आर्यिका विजय मति माताजी बुधवार को दोपहर में सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से मंगल विहार कर भगवान महावीर मार्ग अहिंसा सर्किल नसिंया जैन मंदिर जयपुर रोड जमात होते हुए एफ सी आई के सामने वर्धमान सर्विस सेंटर पर पहुंचे जहां सुनील भाणजा के नेतृत्व में मनोज पाटनी विमल सोगानी नवरत्न टोंग्या हितेश छाबड़ा मुकेश जैन मुन्नी देवी भाणजा सुमन सोगानी शशी सोगानी मीनाक्षी भाणजा सहित कई श्रद्धालुओं ने पाद्प्रक्षालन कर आरती की। उसके बाद आर्यिका माताजी संध विज्ञा तीर्थ गुन्सी पहुंचा जहां विज्ञाश्री माताजी एवं विजयमति माताजी संध का मधुर मिलन हुआ। जौंला ने बताया कि आर्यिका विजय मति माताजी संध कोथून चाकसू शिवदासपुरा होते हुए सांगानेर जाएगी जहा अष्टान्हिका महापर्व गुरु मां के सानिध्य में संपन्न होगा।

-अभिषेक जैन लुहाड़िया

कामां पंचकल्याणक महामहोत्सव में पत्रकार सम्मेलन सम्पन्न

पत्रकार देश की संस्कृति की सत्य बातें दुनिया को दिखाएं : आचार्य सुनील सागर जी महाराज

कामां (विश्व परिवार)। श्री शांतिनाथ जिन बिम्ब पंचकल्याणक एवं गुरू मन्दिर प्रतिष्ठा महोत्सव कामसैन स्टेडियम कामां (राजस्थान) के अवसर पर जैन पत्रकार महासंघ का अधिवेशन परम पूज्य आचार्य श्री सुनील सागर महाराज ससंघ के सानिध्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया की अधिवेशन का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया, इस अवसर पर परम पुज्य आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने कहा कि पत्रिकार सच्ची बातें दुनिया के सामने दिखाएं, तीर्थ का संरक्षण हो, पत्रकार अपनी कलम निर्भीक निडर होकर चलाएं, साधु संतों के बिहार में पत्रकार अपनी अहम भूमिका निभाऐं, समाज में मिलकर चलें, और जैन संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाएं। राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने महासंघ की संगठन स्थिति पर प्रकाश डाला, और अवगत कराया कि महासंघ प्रतिवर्ष तीन वरिष्ठ-श्रेष्ठ पत्रकारों को सम्मान करता है और क्षेत्रीय अधिवेशन अपने-अपने क्षेत्र में कराया जाने पर प्रकाश डाला।

राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया ने कहा कि पत्रकारों के हितों के लिए महासंघ कार्य कर रहा है, पत्रकार अपनी छवि समाज में अच्छी बनाएं और महासंघ के माध्यम से धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में समाज का सहयोग प्रदान करें। मुख्य संयोजक संजय जैन बडजात्या ने कहा कि प्रतिष्ठा महोत्सव 28 फरवरी से 4 मार्च तक विभिन्न धार्मिक, सामाजिक आयोजनों के साथ धूमधाम से संपन्न हो रहा है, इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आचार्य श्री की भव्य अगुवाई की व अपना अधिवेशन भी किया। महोत्सव के अवसर पर आचार्य श्री ने निजी शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं में शिक्षकों को भी संबोधित किया इस अवसर पर हरीश जैन, अलवर, पुष्पेंद्र जैन सीकरी, ने भी अपने विचार प्रकट किये। अधिवेशन में अनूप जैन फिरोजाबाद प्रधान संपादक जैन सन्देश, वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश जैन कोसीकला मथुरा, शरद जैन महालक्ष्मी चैनल दिल्ली, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन दिल्ली, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री महेंद्र बैराठी जयपुर, जिला संयोजक जयपुर चक्रेश जैन समाचार जगत जयपुर, दीपक गोधा जयपुर, दिगंबर जैन महासभा के मीडिया प्रभारी राजेंद्र बाबू गोधा फागी जयपुर, अभिषेक जैन बडजात्या झोंटवाडा जयपुर, हरीश जैन पंजाब केसरी अलवर, ज्ञानेन्द्र जैन राजस्थान टाइम्स अलवर, कार्यक्रम संयोजक विपिन जैन जुरेहरा, पत्रकार महावीर जैन कामां, पुष्पेंद्र जैन सीकरी, जिनेंद्र जैन कठूमर, अशोक जैन कठूमर, निखिल कुमार जैन बडजात्या तीर्थ चैनल कामां आदि विभिन्न स्थानों से पत्रकार उपस्थित हुए। कार्यक्रम संयोजन संजय जैन सराफ ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन राष्ट्रीय कवि कमलेश जैन बसंत तिजारा एवं राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने किया। **-उदयभान जैन**

शासन की मनमानी, दमनकारी नीतियों व तानाशाही रवैये के विरोध में होगा प्रदर्शन : देवेश शर्मा

शिक्षको के मान सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा हेतु बुंदेलखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हमेशा तत्पर : विशाल जैन पवा

ललितपुर (विश्व परिवार)। बुंदेलखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक प्रांतीय महामंत्री देवेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं मनोहर सिंह बुंदेला की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें विशिष्ट अतिथि प्रांतीय प्रवक्ता वीर दुबे ने कहा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, लखनऊ (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे के आवाहन पर शिक्षकों पर जबरजस्ती थोपे जा रहे डिजिटलाइजेशन के विरोध में दिनांक 07 मार्च 2024 को 3:30 बजे जिलाधिकारी महोदय एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री उ.प्र. एवं माननीय बेसिक शिक्षा मंत्री उ.प्र. को ज्ञापन प्रेषित किया जाना है, जिसमें बुंदेलखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का पूर्ण समर्थन रहेगा। प्रांतीय सह प्रवक्ता विशाल जैन पवा ने कहा शिक्षको के मान सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा हेतु बुंदेलखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हमेशा तत्पर है। संघ के सभी पदाधिकारी एवं शिक्षक अधिक से अधिक संख्या में कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ललितपुर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

महामंत्री गजराज सिंह ने कहा शासन और प्रशासन शिक्षकों को समाज की नजरों में चोर बनाने पर तुला है। संयुक्त मंत्री अंकित चौधरी ने कहा ऑनलाइन शिक्षकों /छात्रों की उपस्थिति, अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन के अव्यवहारिक आदेश से अधिसंख्य शिक्षक समाज आहत हैं। उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा शिक्षक पूर्व से ही अपने सिम और डाटा का प्रयोग करके विभिन्न सरकारी निर्देशों का पालन कर दर्जनों ऐप का संचालन करने के लिए मजबूर है। उपाध्यक्ष आजाद सिंह ने कहा एन. ए. टी. परीक्षा का परिणाम यह दर्शाता है कि शिक्षक कम संसाधनों में अच्छा परिणाम दे रहा है और तन मन धन से विद्यालय को निपुण बनाने में लगा है। कोषाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी ने कहा इतिहास गवाह है जब अनुचित कार्यो का शिक्षामित्र और अनुदेशकों के साथ मिलकर विरोध किया है तो निश्चित ही सफलता मिली है। संघ के प्रदेश महामंत्री देवेश शर्मा ने कहा कि शासन द्वारा विद्यालय को तकनीकी से जोड़ने हेतु टेबलेट उपलब्ध कराए गए जिसमें सिम कार्ड शिक्षक अपनी आईडी प्रूफ पर लगाएगा इस मंशा से शासन की तानाशाही व्यवस्था स्पष्ट परिलक्षित होती है। शिक्षक को स्थानांतरण, प्रमोशन की प्रक्रिया से भी उसको गुजरना पड़ता है। ऐसी स्थिति में अन्य शिक्षक उस सिम कार्ड को कहां कैसे प्रयोग करता है यह शिक्षकों की चिंता का विशेष कारण है।

खैरागढ़ की ऑर्गेनिक गोल्ड की बस्तर में लॉन्चिंग, वैज्ञानिकों की रही सहभागिता

उद्घाटन सत्र में राज्यपाल ने कहा-छत्तीसगढ़ राज्य प्रचुर प्राकृतिक सम्पदा एवं जैव विविधता से समृद्ध

रायपुर (विश्व परिवार)। शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुम्हरावंड जगदलपुर में विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार के लिए मंगलवार व बुधवार को दो दिवसीय नवाचार मेला आयोजित किया गया। इस नवाचार मेले में खैरागढ़ मनोहर गौशाला की टीम भी शामिल हुई और अपने नए प्रोडक्ट मनोहर ऑर्गेनिक गोल्ड की लॉन्चिंग की। मनोहर ऑर्गेनिक गोल्ड एक जैविक उर्वरक है, जो पौधों की वृद्धि के साथ उत्पादकता बढ़ाता है। इस मेले का उद्घाटन राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य प्रचुर प्राकृतिक सम्पदा एवं जैव विविधता से समृद्ध होने के कारण यहां कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों में नवाचारी उद्योग एवं व्यवसाय की व्यापक संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में युवाओं को आकर्षित करने तथा उनके उद्यमिता का विकास करने में नवाचार मेलों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। ऐसे नवाचार मेलों का आयोजन राज्य के हर सम्भाग में किया जाना चाहिए।

मनोहर गौशाला के ट्रस्टी पदम डाकलिया (अखिल जैन) ने इस नवाचार मेले में किसानों, कृषि वैज्ञानिकों सहित वहां मौजूद लोगों को मनोहर ऑर्गेनिक गोल्ड, फसल अमृत बनाने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही कॉलेज परिसर में लगे स्टॉल में मनोहर गौशाला में बनने वाले प्रोडक्ट व रिसर्च की जानकारी दी। मेले वाली जगह में सबसे पहले स्थान को मनोहर गौशाला के स्टॉल के लिए रिसर्व किया गया था, जिससे कृषि वैज्ञानिकों की उदारता देखने को मिली। बता दें कि अब तक 1 लाख से अधिक किसानों, गौ पालकों, कृषि छात्रों को फसल अमृत, ऑर्गेनिक गोल्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

6 मार्च को शाम को 30 जलागारों से जलप्रदाय नहीं हुआ, 7 मार्च को सुबह अधिकतर जलागारों से सामान्य जलप्रदाय होगा

रायपुर (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम रायपुर के कार्यपालन अभियंता फिल्टर प्लांट ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित समय से कम अवधि में आज सुबह लगभग 9 बजे मरम्मत कार्य प्रारम्भ करके आज रात्रि 8 बजे इंटेकवेल के अंतर्गत 1400 एमएम व्यास की एचएस रा वाटर पाईप लाईन के लीकेज की मरम्मत का आवश्यक कार्य सफलतापूर्वक फिल्टरप्लांट की विशेष टीमों द्वारा पूर्ण कर रॉ वाटर पम्प चालू कर दिया गया है, 15 कर्मचारियों की टीम ने मरम्मत कार्य पूर्ण किया, वहीं 15 कर्मचारियों की विशेष टीम ने फिल्टरप्लांट की सफाई का आवश्यक कार्य पूर्ण किया है। कल दिनांक 7 मार्च 2024 को सुबह सम्बंधित जलागारों में से अधिकतर जलागारों के क्षेत्रों में सामान्य जलप्रदाय किया जाना पूर्ण संभावित है, जबकि इन प्रभावित 30 जलागारों में कुछ जलागारों के क्षेत्रों में 7 मार्च को सुबह की जलापूर्ति आंशिक प्रभावित रह सकती है, यह सम्बंधित जलागारों में जल का भराव होने की स्थिति पर निर्भर रहता है, अधिकांश जलागारों में जल का पूर्ण भराव 7 मार्च को सुबह नियमित जलप्रदाय के समय तक होना संभावित है, इसके पूर्व आज सुबह का जलप्रदाय करने के पश्चात उक्त मरम्मत कार्य के कारण 150 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकियां भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डी डी नगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया, रायपुरा, कुकुरबेड़ा, बैरन बाजार नया, एवं देवेन्द्र नगर नया उक्त सम्बंधित क्षेत्रों के 30 जलागारों से आज दिनांक 6 मार्च 2024 को शाम को जलप्रदाय नही हुआ। कार्य आज रात्रि 8 बजे तक पूर्ण करके रॉ वाटर पम्प को प्रारम्भ किया गया।

श्रम एवं रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के कर-कमलों द्वारा नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

ग्वालियर (विश्व परिवार)। श्रम एवं रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के कर-कमलों द्वारा दिनांक 05 मार्च 2024 को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय ग्वालियर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया गया। श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, माननीय मंत्री, नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार, श्री रामेश्वर तेली, माननीय राज्यमंत्री, श्रम एवं रोज़गार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार एवं श्री नरेंद्र सिंह तोमर, माननीय अध्यक्ष, विधानसभा, मध्य प्रदेश भी उपस्थित थे।देश के श्रमिक वर्ग और पेंशनभोक्ताओं को बेहतर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में केंद्र सरकार का एक और नया कदम।

ग्वालियर में ईपीएफओ के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, माननीय मंत्री, नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार, श्री रामेश्वर तेली, माननीय राज्यमंत्री, श्रम एवं रोज़गार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार एवं श्री नरेंद्र सिंह तोमर, माननीय अध्यक्ष, विधानसभा, मध्य प्रदेश भी उपस्थित थे। यह देश के श्रमिक वर्ग के हितों की रक्षा और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह देश के श्रमिक वर्ग के हितों की रक्षा और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

महतारी वंदन योजना से मिलने वाले राशि का उपयोग वित्तीय प्रबंधन में : अनुराधा समुन्द्रे

रायपुर (विश्व परिवार)। शास्त्री बाजार में रहने वाली श्रीमती अनुराधा समुंद्रे ने बताया कि हर महीने एक हजार रुपए देने वाली राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना सराहनीय है। इससे मिलने वाली राशि से महिलाओं को आर्थिक बल मिलेगा और वह आर्थिक रूप से संबल होंगी। श्रीमती अनुराधा आगे कहतीं हैं कि उनकी एक छोटी सी दुकान है जहां महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से वित्तीय प्रबंधन के लिए कार्य करते हुए अपनी दुकान में ज्यादा से ज्यादा समान रख सकेंगी, जिससे कि उनके व्यवसाय को बढ़त मिलेगी। उनके पति श्री करन समुंद्रे ने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए हितकारी बताया और कहा कि इस योजना से लाभान्वित होने वाली महिलाओं के जीवन में बहुत ही सकारात्मक बदलाव आएगा। श्री करन कहते हैं कि किसी भी घर का वित्तीय जानकर एक महिला से बेहतर और कोई नहीं हो सकता है। पति या घर का पुरुष कमाई कर के घर की गृहणी को पैसे देतीं हैं घरेलू खर्च के लिए चाहे वह राशि कम हो या ज़्यादा हर रूप में उससे बचत करने का तरीक़ा निकाल ही लेतीं हैं। महतारी वंदन योजना से मिलने वाले राशि को महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए बेहतर उयोग कर सकेंगी। श्री और श्रीमती समुन्द्रे ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को इस योजना के लिए धन्यवाद प्रेषित किए।

भारत चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं रक्षा उत्पादन विभाग मंत्रालय के तत्वाधान में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

रक्षा क्षेत्र में व्यवसाय के अवसर पैदा करने एमएसएमई सेक्टर पर केंद्रित, यह जागरूकता कार्यक्रम रखा गया है : अजय भसीन

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं रक्षा उत्पादन विभाग रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार 7 मार्च 2024 को सुबह 11:00 से रायपुर स्थित होटल हयात में एक दिवसीय जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है जिसमें एमएसएमई सेक्टर को ध्यान में रखते हुए रक्षा क्षेत्र में व्यवसाय के अवसर सृजित करने हेतु कार्यशाला रखी गई है।

छत्तीसगढ़ चेंबर के प्रदेश महामंत्री श्री अजय भसीन जी ने यह जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से भारत चेंबर एवं रक्षा उत्पादन विभाग रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। श्री भसीन जी ने यह भी बताया कि एमएसएमई को देश की रक्षा आपूर्ति श्रृंखला में उद्यम करने और तेजी से बढ़ते रक्षा निर्यात बाजार में अपना योगदान बढ़ाने संबंधित उद्यमियों को जानकारियां प्रदान की जाएगी ताकि लघु एवं मध्यम वर्ग के उद्योगों के लिए एक नवीन मंच प्राप्त हो सके तथा यह उद्योग और तीव्र गति से स्वयं की उत्कृष्ट की ओर बढ़े।

कार्यक्रम में श्री राजकुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष, भारत चेंबर ऑफ कॉमर्स, एयर चीफ मार्शल अरूप राहा, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम (सेवानिवृत्त), श्री अमर पारवानी प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, श्री जयन्त कुमार, संयुक्त सचिव, एयरोस्पेसरक्षा उत्पादन विभाग रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, श्री के.के.यादव, निदेशक, डीआईसी रक्षा उत्पादन विभाग रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, कर्नल राजेंद्र भादुड़ी (सेवानिवृत्त), रक्षा और सामरिक विश्लेषक और निदेशक- विमानन स्पार्टन पहल, मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, आईएएस, सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन अतिथि वक्ता के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करेंगे।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर गुरूवार 07 मार्च 2024

संक्षिप्त समाचार

जनदर्शन में संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने सुनी आम लोगों की समस्याएं

बालोद(विश्व परिवार)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम नागाडबरी निवासी राधिका सेन ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा निवासी जगदेव राम ने ऋण पुस्तिका दिलाने तथा ग्राम बोरगांव के ग्रामीणों ने ग्राम पटेल के रिक्त पद पर नियुक्ति संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के ग्राम देवकोट निवासी नारायण लाल साहू ने भूमि सीमांकन कराने तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम खपरी निवासी दिव्या देवांगन ने सहायता राशि प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कार्यालय पहुँचे थे। संयुक्त कलेक्टर लकरा ने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने स्थानांतरित राजस्व अधिकारियों को दी भावभीनी विदाई

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। लेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के. ने जिले से स्थानांतरण होने वाले राजस्व अधिकारियों को जिले में बेहतर कार्य करने और दिए गए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन के लिए सराहना कर नवीन स्थानांतरण स्थल में नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं दिए। सभी अधिकारियों ने भी बारी-बारी से अपने अनुभव साझा किया। दंतेवाड़ा जिले से संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेंद्र कुमार ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री शिवनाथ बघेल, डिप्टी कलेक्टर श्री आनंद नेताम तथा डिप्टी कलेक्टर डॉ कल्पना ध्रुव का स्थानांतरण हुआ है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कुमार बिश्वरंजन,एसडीएम श्री जयंत नाहटा,अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी और कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

नगर सैनिक की संदिग्ध अवस्था में मौत

जगदलपुर(विश्व परिवार)। नगर सेना में तैनात एक जवान का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। जवाब 20 साथियों के साथ राजिम मेले में ड्यूटी के लिए आया हुआ था। जगदलपुर नगर सेना में पदस्थ जवान अपने 20 साथियों के साथ राजिम मेला ड्यूटी में गया हुआ था। लेकिन अचानक से जवान गायब हो गया। जिसके बाद उसकी गुमशुदगी का मामला राजिम थाने में दर्ज कराया गया। जहां सोमवार को जवान का संदिग्ध शव थाने से कुछ दूर पीछे खेत में पाया गया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को पीएम के लिए भिजवा दिया गया। मामले के बारे में साथियों ने बताया कि 23 फरवरी से राजिम मेला में ड्यूटी करने के लिए 22 फरवरी को 20 जवानों की एक टीम को राजिम भेजा गया। जहां 28 फरवरी तक काम करने के बाद अचानक से 29 फरवरी को महेश ठाकुर पिता स्व अनिरुद्ध ठाकुर 36 वर्ष निवासी मंजुला थाना भानपुरी लापता हो गया। जिसकी जानकारी अन्य साथियों ने नगर सेना सेनानी एस मार्बल को फोन पर सूचना दी। इस दौरान महेश की पत्नी को भी घटना के बारे में बताया गया। जहां उसकी पत्नी का कहना था कि महेश के पास ना तो फोन है और ना ही वह एटीएम इस्तेमाल करता है। उसे जब भी पैसे की जरूरत होती थी तो किसी के भी फोन का नंबर देकर उससे फोन पर पैसा मांग लेता था। इसी बीच ड्यूटी के दौरान गए अन्य जवानों से बहसबाजी करते हुए लापता हो गया। जिसके बाद टीम के सदस्यों ने काफी खोजबीन करने के बाद अन्य लोगों को मामले के बारे में बताया। वहीं इस बात की जानकारी लगने के बाद गुम हुए महेश की पत्नी भी उसकी खोज बीन की। जब उसका कोई भी सुराग नही मिला तो एक मार्च को राजिम थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया। साथ ही विभाग के द्वारा व्हाट्सएप से लेकर हर ग्रुप में महेश के फोटो को भेजने के साथ ही उसे कही पर भी देखने पर पुलिस को सूचना देने की बात कही। जहां चार मार्च को महेश का शव थाने से कुछ दूरी पर एक खेत में पाया गया। जहां परिजनों को मामले की जानकारी देने के बाद शव को पीएम के लिए भिजवाया गया। फिलहाल, महेश के शव को देखने के बाद संदिग्ध लग रहा है। वहीं शव तीन दिन पुराना भी बताया जा रहा है। शव का पीएम होने के बाद ही मौत की कारण का पता चल सकेगा। फिलहाल, शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

कलेक्टर ने किया गया गीदम विकासखण्ड का भ्रमण

कृषकों से मुलाकात कर उनकी समस्या और अन्य फसल लगाने की सलाह भी दी

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज अपने भ्रमण करने के दौरान गीदम विकासखंड विभिन्न ग्रामों में कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन, विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए फील्ड में पहुंचकर जानकारी ली एवं कृषकों को उन्नत खेती करने के लिये प्रोत्साहित भी किया गया। उन्होंने कारली के कृषकों से मुलाकात किया गया और अन्य फसल लगाने की सलाह भी दी गयी। जहां पर किसानों के द्वारा काली मिर्च लगाने की मांग की गई। जिसमें उनके द्वारा प्रपोजल तैयार करने हेतु निर्देश दिया गया। इसके साथ ही कृषकों के द्वारा तार बाड़ी की मांग की गई। जिसे कलेक्टर के द्वारा स्वीकृति हेतु प्रपोजल बनाने का निर्देश भी अधिकारियों दिया गया। इसके अलावा वहीं महिला कृषकों द्वारा पेयजल की समस्या को बताया गया, जिसमें सोलर में लगा टंकी के छोटे होने से पेयजल की पूर्ति नहीं हो पा रही है, इसलिए बड़े टंकी की मांग की गई, साथ ही कृषकों के द्वारा तालाब में बना सिंचाई नहर के गेट मरम्मत की मांग भी की गई। कलेक्टर के द्वारा कृषक श्री रामप्रसाद वेको, ग्राम-बड़े कारली का फील्ड निरीक्षण किया गया। जहां पर पाली हाउस, बायो प्लेग, मूंग फसल, आम, अमरूद, पपीता फसल का अवलोकन किया और उपस्थित कृषक को अच्छे से खेती करने की सलाह दी गई। कलेक्टर ने नागुल में बन रहे तालाब मत्स्य विभाग द्वारा बनाए जा रहे कृषक श्री नाहरू मांझी, हीरानार कृषक श्री बोराराम, बुधू के यहां बने तालाब का निरीक्षण किया गया। ग्राम घोटपाल के कृषकों से मुलाकात किया गया, जिनको पूर्व में तार बाड़ी, नलकूप खनन कार्य हेतु मांग की गई थी उन किसानों का तारबाड़ी स्वीकृत होने की बात बताई गई एवं तालाब एवं डबरी बनाने की सलाह कृषको को दी गई, ताकि वाटर रिचार्ज किया जा सके एवं साथ ही मछली पालन कर लाभ प्राप्त कर सके। साथ ही छिंदनार की महिला कृषकों को भी योजनाओं से जोड़कर लाभ लेने की सलाह दी गई। इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्राम कारली झामूपारा का काली मिर्च की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषकों से चर्चा किया गया। ग्राम पंचायत कारली के 20 से 25 कृषकों द्वारा कालीमिर्च की खेती करने तैयार हैं। कालीमिर्च पौध रोपण के साथ ही मार्केटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश सहायक संचालक उद्यान को दिये गये। कृषकों द्वारा लगाये गये सब्जी बाड़ी का भी निरीक्षण कर द्वारा खुशी जाहिर किया गया। कालीमिर्च की खेती के बारे में सहायक संचालक उद्यान दन्तेवाड़ा ने एवं किसानों को विस्तृत जानकारी दी गयी।

प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करने आस्था स्पेशल ट्रेन से लगभग 663 श्रद्धालु हुए रवाना

श्रद्धालुओं के चेहरे पर झलक रही खुशी

कांकेर(विश्व परिवार)। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज जिले के भानुप्रतापपुर रेल्वे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन को सांसद श्री मोहन मंडावी सहित कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम एवं अंतागढ़ विधायक श्री विक्रम उसेंडी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद श्री मंडावी ने इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को श्री रामलला के दर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। विधायक श्री नेताम ने कहा कि आज पूरा बस्तर क्षेत्र राममय हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को इस योजना के लिए बधाई देते हुए कहा कि सभी वर्ग के लोग एकजुट होकर अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के लिए जा रहे हैं। विधायक श्री उसेण्डी ने सभी श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है और सभी को श्रीरामलला के दर्शन करने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री भोजराम नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिले के लगभग 663 श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों को आस्था स्पेशल ट्रेन से प्रभु श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या के लिए रवाना किया गया है।

आस्था गुरुकुल में अब नए स्कूल भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ

9 वीं से 10वीं तक कक्षा ही होंगे संचालित

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। दंतेवाड़ा जिले में दूरस्थ अंचलों के नक्सली अहिंसा से पीड़ित अनाथ बच्चों के लिए जिला प्रशासन की अनोखी पहल आस्था गुरुकुल आवासीय विद्यालय, इस विद्यालय की स्थापना 2007-08 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से नक्सल पीड़ित परिवारों के बच्चों के लिए स्थापित किया गया है। यह विद्यालय दंतेवाड़ा जिले में शैक्षणिक संस्थानों में से एक है, जो क्षेत्रीय विकास और शिक्षा के प्रसार में योगदान दे रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य में चल रहे नक्सली हिंसा से अनाथ हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा, आवास भोजन स्वास्थ्य खेल मनोरंजन आदि की सुविधा प्रदान कर विभाग संरक्षक की भूमिका निभाते हुए रोजगार में स्थापित कर ऐसे बच्चों के जीवन में स्थायित्व पैदा करना है। इस विद्यालय में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाएं जैसे ग्रंथालय, कंप्यूटर शिक्षा, अवकाश कालीन प्रशिक्षण, चिकित्सा सुविधा, मनोरंजन एवं खेलकूद की सुविधा, व्यावसायिक शिक्षा आदि शामिल है। आस्था गुरुकुल विद्यालय में वर्तमान में संचालित पहली से लेकर आठवीं क्लास तक संचालित थी। आस्था गुरुकुल आवासीय विद्यालय में बीते दिनो कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दरमियान विद्यालय के अधीक्षक और बच्चों द्वारा विभिन्न समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया गया।

कलेक्टर ने सभी शासकीय कार्यालयों को तंबाकू मुक्त परिसर बनाने के दिए निर्देश

कांकेर(विश्व परिवार)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक ली। बैठक में शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों में तंबाकू मुक्त बनाने के लिए आवश्यक उपाय करने के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों अपने-अपने कार्यालयों को तंबाकू निषेध क्षेत्र घोषित करने सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए और कहा कि कार्यालयों में कोई भी तंबाकू, गुटखा, सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पाद का सेवन करने पर उस पर कोटपा एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जिले के सभी नगरीय निकायों के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी तंबाकू या तंबाकू युक्त अन्य उत्पादों की बिक्री या सेवन करने वालों पर कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अविनाश खरे ने बताया कि सभी विभागों के अधीनस्थ कार्यालयों में कोटपा एक्ट के उल्लंघन करते पाये जाने पर 200 रुपए की जुर्माना राशि वसूली जाएगी। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर वनमंडलाधिकारी जाधव कृष्ण, अपर कलेक्टर द्वय एस. अहिरवार एवं बी.एस. उईके, जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

नियद नेल्ला नार योजना चिन्हांकित ग्रामों में शत प्रतिशत पिलाई गई पोलियो की खुराक

जिले में 0 से 5 वर्ष के 3.60 हजार से ज्यादा बच्चों को पिलायी पोलियो की खुराक

सुकमा(विश्व परिवार)। जिले में 03, 04 और 05 मार्च 2024 को राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 36,083 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी गई। जिले में कलेक्टर हरिस. एस के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में जिले के माओवाद प्रभावित अंदरूनी वंनाचल ग्रामों में व्यापक रूप से प्लस पोलियों अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि भारत को पूर्व में ही पोलियो मुक्त देश घोषित किया जा चुका है तथापि बच्चों में पोलियो वायरस के खिलाफप्रतिरक्षा बनाए रखने तथा भारत में पोलियोमुक्त स्थिति को बनाए रखने के लिए 03 से 05 मार्च 2024 तक सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया गया। जिले में नियद नेल्ला नार योजना में चिन्हांकित ग्रामों में शत् प्रतिशत पोलियो अभियान हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वनांचल एवं पहुंचविहीन क्षेत्र में पोलियों खुराक टीम द्वारा पिलाया गया। जिसमें पोटकपल्ली के अदरूनी क्षेत्र छोटे केड़वाल, बड़े केड़वाल, साकलेर, सालातोग, टेटे मरका में कुल 434 बच्चों को पिलाया गया। इसी प्रकार टेकलगुड़ा के 40 बच्चें, पूवर्ती में 146 बच्चें, कोडासावली के 132 बच्चें, समससेट्टी के 140 बच्चें, दुलेड़ के 56 एवं परिया 242 बच्चें को 0 से 5 वर्ष तक को पोलियों की खुराक पिलाया गया। बगड़ेगुड़ा, एलमागुण्डा, गोंदपल्ली, गुंडराजपाड़, सिलगेर, बेदरे , मंडीमरका, निलावाया, गुटागुड़ा, उपनपल्ली, चिकपल्ली, बोरगुड़ा, तिमापुरम, चिमलीपेन्टा शामिल है। सीएमएचओ ने बताया कि आभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित पोलियो बूथ पर दवा पिलायी गई।

सांसद श्रीमती महंत ने ली जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने प्रभावी उपाय अपनाने के दिए निर्देश

कोरबा(विश्व परिवार)। सांसद लोकसभा क्षेत्र कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना रोकने, ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी उपाय अपनाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, जिला पंचायत सदस्य श्री गणराज सिंह कंवर, श्री गोदावरी प्रमोद राठौर, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, जिला परिवहन अधिकारी श्री शशिकांत कुर्रे सहित पीडब्ल्यूडी, यातायात विभाग एवं अन्य जनप्रतिनिधि व संयंत्रों के अधिकारी उपस्थित थे। सांसद श्रीमती महंत ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सार्वजनिक उपक्रम एसईसीएल, बाल्को, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, एनएचएआई, एनएचपीडब्ल्यूडी, परिवहन, यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी कदम उठाएं जाएं। उन्होंने अधूरे मार्गों को शीघ्र पूरा करने, आवश्यकतानुसार सड़कों पर संकेतक लगाने, मरम्मत योग्य सड़कों का शीघ्रता से मरम्मत करने, धूल उड़ने वाले मार्गों पर नियमित पानी का छिड़काव करने तथा सड़क पर जाम लगने से रोकने के लिए भारी वाहन चलने वाले मार्ग के आसपास पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण सभी बच्चे स्वस्थ

सुकमा(विश्व परिवार)। कोंटा विकासखंड के एलमागुंडा में पोलियो ड्रॉप की जगह आइस पैक पिलाए जाने की घटना पर वहां के सुपरवाइजर को हटा दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि एलमागुण्डा में पल्स पोलियों के दौरान आइसपैक का पानी पीलाने के सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त हुई थी, जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए जांच दल गठित किया गया और एलमागुण्डा के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि जांच में किसी भी बच्चें को पानी पीने से किसी प्रकार का कोई स्वास्थ्य परेशानी या लक्षण नहीं देखा गया। उन्होंने बताया कि 04 मार्च को पुन: कोंटा के खंड चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में मेडिकल टीम एलमागुड़ा भेजी गई, जिसके द्वारा इन बच्चों का पुन: स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही उक्त ईलाके में पोलियो ड्रॉप की खुराक से छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। साथ ही उन्होंने बताया कि आईसपैक को आईस जमाने से पहले अच्छी तरह से धोकर साफ पानी भरा जाता है। उसमें किसी भी तरह का कोई केमिकल नहीं मिलाया जाता है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर गुरूवार 07 मार्च 2024

व्यापार समाचार

सेमीकंडक्टर्स में निवेश को डच कंपनियों के लिए भारत एक अच्छा स्थान : रिपोर्ट

नई दिल्ली(एजेंसी)। जैसे-जैसे भारत अपनी सेमीकंडक्टर की यात्रा शुरू कर रहा है, यह डच कंपनियों को निवेश के लिए अपार अवसर प्रदान कर रहा है। यह बात मंगलवार को एक आई एक रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, विशेष रूप से सेमीकंडक्टर के डिजाइन और उत्पाद की खपत मे। सरकारी नीतियों की वजह से सेमीकंडक्टर विनिर्माण में निवेश भी बढ़ रहा है। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) और नीदरलैंड इनोवेशन नेटवर्क व भारत में नीदरलैंड के दूतावास ने 'इंडो-डच सेमीकंडक्टर अवसर' नामक एक नई रिपोर्ट लॉन्च की। भारत, नेपाल और भूटान में नीदरलैंड की राजदूत मारिसा जेराड्स ने कहा, यह रिपोर्ट प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जहां प्रगति और समृद्धि सभी के लिए सुलभ हो। भारत का लक्ष्य पांच वर्षों में 85 हजार सेमीकंडक्टर पेशेवर तैयार करना है। रिपोर्ट में छात्रों के आदान-प्रदान के माध्यम से ज्ञान साझा करने और कौशल विकास को बढ़ावा देने वाले संभावित कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला गया। आईईएसए के चेयरपर्सन संजय गुप्ता ने कहा, हमें उम्मीद है कि यह रिपोर्ट दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग को प्रेरित करेगी।

नथिंग ने लॉन्च किया फोन (2a), CMF बाय नथिंग बड्स और नेकबैंड प्रो

नई दिल्ली(एजेंसी)। नथिंग ने आज फोन (2a) को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कंपनी का बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन है, जिसका ग्राहक लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फोन (2a) को नथिंग की सभी खूबियों, इंजीनियरिंग दक्षता और डिजाइन कौशल के साथ पेश किया गया है, यह यूजर्स की सभी जरूरतों को पूरा करते हुए रोजमर्रा के इस्तेमाल योग्य एक बेहतरीन स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करेगा। यह ऐसे यूजर्स के लिए एक बेहद खास स्मार्टफोन है, जो हमेशा नए इनोवेशन और डिज़ाइन की तलाश में रहते हैं। इन ग्राहकों को हमेशा यह पता होता है कि उन्हें अपने स्मार्टफोन से क्या चाहिए (और क्या नहीं चाहिए)। नथिंग फोन (2a) में एक पावरफुल्ली यूनीक प्रोसेसर, एक 50 MP का एक असाधारण डुअल रियर कैमरा, ज्यादा ब्राइटनेस वाला फ्लेक्सिबल एमोलेड डिस्प्ले और एक आसान ओएस दिया गया है। यह यूजर्स को एक फास्ट और स्मूथ अनुभव प्रदान करता है। नथिंग के सीईओ और को-फाउंडर कार्ल पे ने कहा यह हमारी प्रगति को गति देने का साल है, और फोन (2a) इस दिशा में हमारा पहला बड़ा कदम है। फोन (2a) के साथ अब ज्यादा से ज्यादा लोग नथिंग के इनोवेशन का अनुभव कर सकेंगे। अब और भी ज्यादा लोग इसे पसंद करेंगे। हमें विश्वास है कि यह हमारा अब तक का सबसे अधिक बिकने वाला प्रोडक्ट बन जाएगा।

एचसीएल फाउंडेशन ने की 2024 एचसीएलटेक ग्रांट के विजेता एनजीओ की घोषणा

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत की ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी एचसीएल टेक के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी एजेंडे को संचालित करने वाले संगठन एचसीएल फाउंडेशन, ने आज अपने फ्लैगशिप कार्यक्रम एचसीएल टेक ग्रांट के नौवें एडिशन के विजेता एनजीओ की घोषणा की है। एचसीएल टेक ग्रांट पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे विषयों पर भारत में सतत ग्रामीण विकास से जुड़े प्रमुख प्रोजेक्ट का समर्थन करता है। अब तक, एचसीएल टेक ग्रांट के माध्यम से एचसीएल फाउंडेशन द्वारा 146.95 करोड़ रुपए (लगभग .18 मिलियन) का योगदान दिया गया है। गैर सरकारी संगठनों को समर्थन देने के इस अभिनव दृष्टिकोण ने भारत के 27,542 गांवों में लगभग 20 लाख से अधिक लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद की है। एचसीएलटेक ग्रांट के बारे में अधिक जानकारी के लिए, यहां जाएं: www.hclfoundation.org/hcltech-grant इस साल, तीन एनजीओ - द कॉर्बेट फाउंडेशन (पर्यावरण), संगथ (स्वास्थ्य) और मक्कला जागृति (शिक्षा) - को चार साल की अवधि के उनके प्रोजेक्ट के लिए प्रत्येक को 5 करोड़ रुपए (लगभग 609,000) मिलेंगे।

पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 12 मार्च 2024 को खुलेगा

नई दिल्ली(एजेंसी)। पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड (पीवीएसएल या कंपनी), मंगलवार 12 मार्च, 2024 को इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए अपना आईपीओ शुरू करेगी। कुल ऑफर आकार मे रु. 2,500 मिलियन [रु. 250 करोड़] (फ्रेश इश्यू) तक के इक्विटी शेयरों का ताज़ा इश्यू और 11,917,075 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री की पेशकश शामिल है। (बिक्री के लिए प्रस्ताव), (एक साथ, कुल अंक का आकार) ऑफर का प्राइस बैंड रु. 280 से रु. 295 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 50 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 50 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। (मूल्य बैंड) एंकर निवेशक बोली की तारीख सोमवार, 11 मार्च, 2024 होगी। बोली/ऑफर सदस्यता के लिए मंगलवार, 12 मार्च, 2024 को खुलेगी और गुरुवार, 14 मार्च, 2024 को बंद होगी। (बोली/प्रस्ताव अवधि) बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर रु. 28 की छूट की पेशकश की जा रही है। (कर्मचारी आरक्षण भाग) आईपीओ से जुटाई गई रकम का उपयोग कंपनी आंशिक या पूरी तरह से रीपेमेंट या और प्री पेमेंट के लिए करेगी। यह कर्ज कंपनी और उसकी सब्सिडियरी जैसे पीएडब्ल्यू, पीएमएमआईएल, केजीपीएल, केसीपीएल और पीएमपीएल की ओर से लिए गए हैं जो कुल 192 करोड़ रुपये है। बाकी की रकम जनरल कारपोरेट उद्देश्यों के लिए की जाएगी। बिक्री के ऑफर में बैनियनट्री ग्रोथ कैपिटल ढ्ढ, एलएलसी के 11,917,075 इक्विटी शेयर शामिल हैं। (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) 4 मार्च, 2024 को कंपनी के इस रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए गए इक्विटी शेयरों को एर्नाकुलम में कंपनी रजिस्ट्रार, केरल (आरओसी) (आरएचपी) के साथ दायर किया गया है और बीएसई लिमिटेड के स्टॉक एक्सचेंजों और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफइंडिया लिमिटेड में सूचीबद्ध होने का प्रस्ताव है। ऑफर के प्रयोजनों के लिए, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफइंडिया लिमिटेड नामित स्टॉक एक्सचेंज है।

रविचंद्रन अश्विन अपना 100वां टेस्ट खेलने को तैयार, अब तक बनाए कई रिकॉर्ड

भारत बनाम इंग्लैंड

धर्मशाला(एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच पांचवा टेस्ट धर्मशाला में खेला जाना है। यह भारत के दिग्गज खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन का 100वां टेस्ट होगा।वह 100 टेस्ट खेलने वाले भारत के 12वें और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 77वें खिलाड़ी बन जाएंगे।वह भारत के लिए विकेट लेने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह खिलाड़ी 9वें स्थान पर है। अश्विन भारतीय सरजमीं पर 354 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। वह भारत की धरती पर सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनकी औसत 21.33 की रही है।अश्विन ने अनिल कुंबले को पीछे छोड़ा है, जिन्होंने भारत में खेलते हुए 63 टेस्ट में 24.88 की औसत के साथ 350 विकेट लिए थे।इस सूची में हरभजन सिंह तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने भारत में 28.76 की औसत से कुल 265 विकेट लिए हुए हैं। अश्विन ने एशिया में 404 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। वह एशिया में 400 विकेट लेने वाले भारत के सिर्फ दूसरे और विश्व के तीसरे गेंदबाज बने हैं।एशिया में अश्विन ने 132 पारियों में ये आंकड़ा छूआ था।श्रीलंका के पूर्व दिग्गज मुथैया मुरलीधरन ने एशिया में 171 पारियों में 21.69 की औसत के साथ सर्वाधिक 619 विकेट अपने नाम किए हैं। कुंबले ने एशिया में 144 पारियों में 27.00 की औसत से 419 विकेट चटकाए हैं। टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा %प्लेयर ऑफ द सीरीज% का पुरस्कार मुरलीधरन (11) ने जीते हैं।इस मामले में अश्विन दूसरे पायदान पर हैं, उन्होंने 10 बार यह पुरस्कार अपने नाम किया है।भारत के लिए उनके बाद सबसे ज्यादा %प्लेयर ऑफ द सीरीज% का पुरस्कार संयुक्त रूप से सचिन तेंदुलकर (5) और वीरेंद्र सहवाग (5) के नाम है।इस मामले में सक्रिय खिलाड़ियों में अश्विन के आस-पास भी कोई नहीं है। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट मैच साल 2012 में खेला था। उन्होंने अब तक इस टीम के खिलाफ 23 मुकाबले खेले हैं, जिसकी 43 पारियों में 28.88 की औसत से 105 विकेट झटके हैं।उन्होंने इस टीम के खिलाफ 7 बार 5 विकेट हॉल और 1 बार दोनों पारियों को मिलाकर 10 विकेट लिए हैं।

आरबीआई ने इस कंपनी के गोल्ड लोन मंजूर करने या वितरित करने पर लगाई रोक

मुंबई(एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड को निर्देश दिया कि वह तत्काल प्रभाव से अपने किसी भी गोल्ड लोन को मंजूरी देना या वितरित करना या किसी भी गोल्ड लोन को असाइन करना/प्रतिभूत करना/बेचना बंद कर दे। आरबीआई ने कहा, हालांकि, कंपनी सामान्य संग्रह और पुनर्प्राप्ति प्रक्रियाओं के जरिए अपने मौजूदा स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की सेवा जारी रख सकती है। उसने कहा कि आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के उसके निरीक्षण से कंपनी के स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में सामग्री पर्यवेक्षी चिंताओं का पता चला है, जिसमें ऋण की मंजूरी के समय और डिफॉल्ट पर नीलामी के समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन की जांच व प्रमाणित करने में गंभीर विचलन शामिल हैं। निरीक्षण में ऋण-से-मूल्य अनुपात में उल्लंघन भी पाया गया। वैधानिक सीमा से कहीं अधिक नकदी में ऋण राशि का महत्वपूर्ण संवितरण और संग्रहण; मानक नीलामी प्रक्रिया का पालन न करना और आईआईएफएल द्वारा ग्राहक खातों पर लगाए जाने वाले शुल्कों में पारदर्शिता की कमी पाई गई। आरबीआई ने बताया कि ये प्रथाएं, नियमों के उल्लंघन के अलावा, ग्राहकों के हितों पर भी अहम और प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। पिछले कुछ महीनों में आरबीआई इन कमियों पर कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन और वैधानिक लेखा परीक्षकों के साथ बातचीत कर रहा है।

कप्तानी में कमिंस की सफलता के पीछे उनकी मां का हाथ

नई दिल्ली(एजेंसी)। साल 2023 में बतौर कप्तान जो कामयाबी पैट कमिंस ने हासिल की उसके लिए कई दिग्गज कप्तान सालों तक तरसते हैं। लेकिन उनके हाथ खाली रह जाते हैं। मगर, पैट कमिंस की बात अलग है क्योंकि उन्होंने न केवल अपने खेल पर ध्यान दिया बल्कि अपनी मां की सीख को भी अपनाते हुए यह मुकाम हासिल किया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने फरवरी 2023 में भारत के टेस्ट दौरे के दौरान सामने आई चुनौतियों पर विचार करते हुए, अपनी मां की बीमारी से जूझने के दौरान अनुभव की गई भावनात्मक उथल-पुथल के बारे में खुलकर बात की। उनकी कड़ी आलोचना की गई क्योंकि उनकी टीम

श्रृंखला 2-0 से हार गई, जिससे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भारतीय टीम के पास रही। कमिंस ने कहा, जब मैं उस विमान (भारत दौरे पर) पर चढ़ रहा था तो मुझे पता था कि मुझे कुछ हफ्तों में वापस आना होगा। शायद केवल कुछ ही लोग जानते थे कि ऐसा होने वाला है। उन कुछ हफ्तों के लिए मैं भारत में था। खासकर अब जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मेरा मन भारत में नहीं था। पूरे समय घर पर ही मेरा ध्यान लगा हुआ था। अपनी मां मारिया के निधन ने कमिंस को नेतृत्व के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में सोचने के लिए मजबूर किया। अपने स्वयं के अनुभवों से प्रेरित होकर वह खिलाड़ियों को क्रिकेट से परे जीवन अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, चाहे वह नए शहरों की खोज करना हो, शौक पूरा करना हो, या परिवार के साथ समय बिताना हो। कमिंस ने बताया कि उन्होंने अपनी मां के निधन के बाद यह सीखा कि कैसे क्रिकेट के साथ अन्य चीजों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को सरकार का तोहफा, खाते में आएंगे लाखों

शिमला(एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले लाखों कर्मचारियों व पेंशनरों के लिए बड़ा ऐलान किया है। सुक्खू सरकार ने नियमित सरकारी कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान के एरियर के भुगतान की अधिसूचना जारी कर दी है। नियमित कर्मचारियों को 1 जुलाई 2022 से देय महंगाई भत्ते की बकाया राशि का भी भुगतान किया जाएगा। दरअसल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 17 फरवरी को विधानसभा में अगले वित्तीय वर्ष का बजट पेश करते समय दो लाख सरकारी कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से नए वेतनमान का एरियर देने और

करीब साढ़े तीन लाख कर्मियों-पेंशनरों को चार फीसदी महंगाई भत्ता जारी करने की घोषणा की थी। वित विभाग की ओर से सोमवार को जारी अधिसचूना के मुताबिक संशोधित वेतनमान के कुल एरियर का 1.5 फीसदी मार्च और तीन फीसदी भुगतान वार्षिक रूप से वित्तीय वर्ष 2024 में किया जाएगा जो प्रति माह कुल बकाया का 0.25 फीसदी की दर से वितरित किया जाएगा। संशोधित वेतनमान का एरियर वेतन-पेंशन के साथ मासिक रूप से वितरित किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में नियमित सरकारी कर्मचारियों के वेतन के साथ महंगाई भत्ते का बकाया 1.5 फीसदी की मासिक दर से वितरित किया जाएगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बकाया की मात्रा वेतनमान और डीए के बकाया के लिए निर्धारित सीमा से अधिक न हो। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने दो दिन पहले ही कर्मचारियों और पेंशनरों को चार फीसदी महंगाई भत्ते की अधिसूचना जारी की थी। चार फीसदी की बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों को अब 38 प्रतिशत डीए मिलेगा। इससे राज्य के अढ़ाई लाख कर्मचारी लाभांवित होंगे। यह बढ़ोतरी एक अप्रैल से लागू मानी जाएगी। वित विभाग की अधिसूचना के अनुसार चार फीसदी अतिरिक्त डीए का भुगतान मई में दिए जाने वाले अप्रैल के वेतन में दिया जाएगा।

संन्यास के बाद कुछ अलग विकल्प तलाश रही हूं : मेग लैनिंग

नई दिल्ली(एजेंसी)। डब्ल्यूपीएल की स्टार खिलाड़ी और दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग, जो मौजूदा डब्ल्यूपीएल में लगातार सफलता हासिल कर रही हैं, ने स्वीकार किया है कि वह अपनी अंतर्राष्ट्रीय सेवानिवृत्ति के बाद कुछ अलग विकल्प तलाश रही हैं, लेकिन किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं करेंगी। महिला क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग एक मशहूर नाम है। शायद इसलिए जब उन्होंने अचानक पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला

लिया था, तो क्रिकेट जगत स्तब्ध रह गया। इसके बाद यह 31 वर्षीय खिलाड़ी केवल कुछ समय के लिए ऑस्ट्रेलिया में घरेलू प्रतियोगिताओं में दिखाई दीं। हाल के दिनों में उन्होंने भारत में अपने जीवन के अगले चरण को अपना लिया है और मौजूदा डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान बनीं। जहां वह अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष पर शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अब तक 117.46 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट के साथ 146 रन बनाए हैं। उनकी इस परफॉर्मेंस ने दिल्ली कैपिटल्स को चार मैचों में तीन जीत के साथ डब्ल्यूपीएल तालिका में शीर्ष पर पहुंचने में मदद की है। लैनिंग ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व साथियों एनाबेल सदरलैंड और जेस जोनासेन के साथ टीम में अपनी भूमिका का आनंद ले रही हैं। मेग लैनिंग ने कहा, मैं बस क्रिकेट खेलने का आनंद ले रही हूं... दिल्ली के साथ बहुत अच्छा समय बिता रही हूं, हमारे पास खिलाड़ियों और कर्मचारियों की एक बहुत अच्छी टीम है जो एक अच्छा माहौल बनाती है।

उजास मासिक धर्म स्वास्थ्य एक्सप्रेस छत्तीसगढ़ तक पहुंचने के लिए तय की 2902 किलोमीटर की दूरी, मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता बढ़ाने के लिए स्थानीय समुदायों तक बढ़ाएगी पहुंच

बिलासपुर। आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की उजास पहल, मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के अपने मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उजास की संस्थापक सुश्री अद्वैतेशा बिड़ला के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य में सकारात्मक बदलाव और सशक्तिकरण लाने के लिए तैयार है। प्रतिष्ठित स्थानीय एनजीओ पार्टनर ग्लैड भारत फाउंडेशन के साथ सहयोग से उजास ने किशोर लड़कियों और महिलाओं तक व्यापक रूप से पहुंच बनाने के लिए अपनी भागीदारी का पहला चरण शुरू कर दिया है। यह रणनीतिक साझेदारी एक साल तक चलने वाले अभियान की शुरुआत का प्रतीक है, जो समुदाय के साथ मिलकर काम करने की उजास की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। साथ में, उनका लक्ष्य पूरे क्षेत्र में सक्रिय रूप से जागरूकता बढ़ाना, वर्जनाओं को खत्म करना और मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में सकारात्मक बातचीत को बढ़ावा देना है। अभियान के पहले चरण में उजास टीम ने मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन पर उम्र के अनुरूप जागरूकता सत्र आयोजित किए और साथ ही स्थानीय समुदायों तक सेनेटरी नैपकिन वितरित किए। इस आउटरीच के हिस्से के रूप में, उजास राज्य में मासिक धर्म से जुड़ी विविध संस्कृतियों, प्रथाओं और मान्यताओं के बारे में महत्वपूर्ण डेटा भी एकत्र करेगा। मासिक धर्म से जुड़े मिथकों और कलंकों को संबोधित करते हुए व्यावहारिक हस्तक्षेपों और समाधानों की पहचान करने के लिए इस डेटा का गहन विश्लेषण किया जाएगा। जैसे-जैसे वर्ष आगे बढ़ेगा, इस सहयोगात्मक अभियान का प्रभाव गहरा होने की उम्मीद है, जो कर्नाटक और इसके विभिन्न शहरों में मासिक धर्म स्वास्थ्य परिदृश्य पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। 'उजास मासिक धर्म स्वास्थ्य एक्सप्रेस' एक अनूठी पहल है, जो भारत में अपनी तरह की पहली पहल है, जिसे 25 राज्यों और 107 शहरों को कवर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग महासमुन्द

ई-निविदा आमत्रंण सूचना कमांक- 34 (द्वितीय बार)

क्रमांक/ 34 /निविदा/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2023-24 महासमुन्द दिनांक 04/03/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमत्रिंत की जाती है :-

क.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुगानित लागत (लाख रू.) में	आन लाईन निविदा भरने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	153579	मलीय कीचड प्रबंधन (FSM) 3KLW FSTP कार्य तेन्दूकोना, वि.ख. बागबाहरा	24.07 Lacs	14/03/2024
2	153582	मलीय कीचड प्रबंधन (FSM) 3KLW FSTP कार्य सपोस, वि.ख. पिथौरा	24.07 Lacs	14/03/2024
3	153584	मलीय कीचड प्रबंधन (FSM) 3KLW FSTP कार्य गनेकेरा (नवागांव), वि.ख. बसना	24.07 Lacs	14/03/2024
4	153585	मलीय कीचड प्रबंधन (FSM) 3KLW FSTP कार्य तोरेसिंहा, वि.ख. सरायपाली	24.07 Lacs	14/03/2024

उपरोक्त निर्माण कार्य के निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईड **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 04/03/2024 से देखी जा सकती है।

G-08307/2

कार्यपालन अभियंता

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 07 मार्च 2024

मुख्यमंत्री ने पंडित गोविंद वल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

रायपुर (विसं)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वतन्त्रता सेनानी और वरिष्ठ राजनेता भारतरत्न पंडित गोविन्द वल्लभ पन्त की 07 मार्च को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय पंडित गोविंद वल्लभ पन्त के देश के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि पंत जी भारत के चौथे गृह मंत्री और उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री थे। उन्होंने गृह मंत्री के रूप में भारत को भाषा के अनुसार राज्यों में विभक्त करने तथा हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने में अपना अमूल्य योगदान दिया। पंत जी के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

मां बमलेश्वरी शक्तिपीठ के रेलवे स्टेशन डोंगरगढ़ की बदलेगी तस्वीर, 12 करोड़ रुपए की लागत से होगा यात्री सुविधाओं का विकास

डोंगरगढ़ में वंदे भारत एक्सप्रेस का दिया गया ठहराव

रायपुर (विश्व परिवार)। रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के कायाकल्प की तैयारी की जा रही है। इस कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 49 स्टेशनों एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत 32 स्टेशनों का पूनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। अभी हाल ही में 26 फरवरी' 2024 को माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के द्वितीय चरण में देश के 553 रेलवे स्टेशनों के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 37 स्टेशनों एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत 21 स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसमें डोंगरगढ़ स्टेशन भी शामिल था। डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन को आने वाले 40-50 सालों के यात्रियों की संख्या को ध्यान में रख कर इस वृहत कार्य की योजना बनाई गई है।

डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन को विकसित करने का लक्ष्य रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना है। रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

रेलवे देश की लाइफ लाइन है। रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। इसी कड़ी में देशभर के रेलवे स्टेशनों की कायापलट करने पर काम किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना का मकसद सुविधाओं की शुरुआत के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत डोंगरगढ़ स्टेशन में विकास के अनेक कार्य कराये जाएंगे, जिसमें यह स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो जायेगा। आगमन और प्रस्थान के लिये अलग मार्ग, चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, वाल पेंटिंग्स व म्यूरल्स में स्थानीय संस्कृति की झलक, आकर्षक कॉनकोर्स, वेटिंग हॉल में फर्नीचर्स, कोच एवं ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, आकर्षक पोर्च, पार्किंग्स की सुविधा, चौड़ा फुटपाथ, स्टेनलेस स्टील चेयर, अपग्रेडेड अनारक्षित टिकट और पैसेंजर रिज़र्वेशन सिस्टम, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साइनेज, स्टेशन परिसर में हाई मास्ट से प्रचूर लाइट, सीसीटीवी द्वारा निगरानी, बुजुर्ग, बच्चे एवं दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए 04 लिफ्ट एवं 02 एस्केलेटर, गार्डन व मनमोहक लैंड स्केपिंग, आधुनिकता व परंपरा को एक साथ प्रदर्शित करता शानदार फसाड इत्यादि अत्याधुनिक सुविधायें यहाँ उपलब्ध होंगी। डोंगरगढ़ धार्मिक सद्भावना की नगरी है। यहां पर बहुत सारे धार्मिक एवं प्रकृतिक पर्यटन स्थल है, जिसमें शक्तिपीठ माँ बमलेश्वरी देवी का मंदिर, प्रज्ञागिरी बौद्ध मंदिर, चंद्रागिरी पहाड़ी पर स्थित जैन तीर्थंकर चंद्रप्रभु जी का प्राचीन मंदिर सहित अनेक पर्यटन स्थल अवस्थित है।

आनंदम वर्ल्ड सिटी में सानंद हुआ श्रीधाम राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, विधि-विधान से हुई प्रतिमाओं की स्थापना

रायपुर (विश्व परिवार)। आनंदम वर्ल्ड सिटी परिवार के लिए 6 मार्च की सुबह वह क्षण आया जिसका सभी को इंतजार था। आनंदम वर्ल्ड सिटी परिसर में नवनिर्मित श्रीधाम राधा कृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धार्मिक वातावरण में सानंद संपन्न हुआ। मंदिर में राधा कृष्ण की प्रतिमा, संपूर्ण राम दरबार और मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। मंदिर के बाहर शिवलिंग और भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिष्ठाचार्य पंडित चंद्रशेखर त्रिपाठी के सानिध्य में 11 पंडितों ने मंत्रोच्चार, पूजन कर सभी विधान संपन्न किए।

प्रतिष्ठाचार्य पंडित चंद्रशेखर त्रिपाठी ने बताया कि सुबह वेदी पूजन 8 बजे से प्रारंभ हुआ। इसके बाद 11:30 से 12:30 बजे के मध्य मुहूर्त में प्रतिमाओं की स्थापना विधि वक संपन्न हुई। मंदिर की मुख्य वेदी में राधा कृष्ण की प्रतिमा की स्थापना हुई। मुख्य वेदी के एक तरफ सम्पूर्ण राम दरबार और दूसरी तरफ माँ दुर्गा की प्ररिमा की स्थापना की गई। मंदिर परिसर में ही बाहर की तरफ शिवलिंग और भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। शाम हवन के पश्चात महाआरती हुई। बड़ी संख्या में भक्त पूरे विधान में शामिल हुए। महाआरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व 2 मार्च को भगवान की प्रतिमाओं का जलाधिवास किया गया। 3 मार्च को अन्नाधिवास, 4 मार्च को फल, पुष्प और पत्र से स्नान कराया गया। 5 मार्च को भव्य शोभायात्रा आनंदम वर्ल्ड सिटी परिसर में निकाली गई। भगवान की प्रतिमाओं को सुसज्जित रथ में विराजमान कर भ्रमण कराया गया। इसके बाद प्रतिमाओं को शयन कराया गया। 6 मार्च की सुबह 8 बजे से स्थापना का विधान प्रारंभ हुआ। भक्तिमय वातावरण में सभी विधान सम्पन्न हुए। इस अवसर पर रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, कैलाश अग्रवाल, सुपारस गोलछा, अनिल पारख, जगदीश अग्रवाल, सुरेश कांकरिया आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व पं. चंद्रशेखर त्रिपाठी के मुखारविंद से भक्तों ने सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया।

वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ सुनील गुप्ता सीआईआई ओडिशा राज्य परिषद के नए उपाध्यक्ष चुने गए

भुवनेश्वर (विश्व परिवार)। वेदांता एल्युमीनियम एंड पावर लिमिटेड के मौजूदा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और एल्युमीनियम बिजनेस के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) श्री सुनील गुप्ता को के 2024-25 कार्यकाल के लिए ओडिशा राज्य परिषद भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) का उपाध्यक्ष चुना गया है।

श्री गुप्ता के नाम की घोषणा कल रात (मंगलवार 5 मार्च, 2024) राज्य की राजधानी में आयोजित सीआईआई ओडिशा राज्य वार्षिक दिवस 2023-24 समारोह के अवसर पर की गई है। विशेष रूप से, श्री सुनील गुप्ता वेदांता कंपनी के झारसुगुड़ा, लांजीगढ़ और बाल्को संयंत्रों के साथ-साथ खदान व्यवसाय में एल्यूमीनियम व्यवसाय के रणनीतिक संचालन का नेतृत्व करते हैं। 29 वर्षों से अधिक के विविध अनुभव के साथ, श्री सुनील गुप्ता ने महत्वपूर्ण विकास और परिचालन दक्षता हासिल करने की दिशा में वेदांता एल्युमीनियम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसने कंपनी को भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। उनके फोकस के प्रमुख क्षेत्रों में उत्पादन का विस्तार करना, बॉक्साइट और कोयला संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाना, अतिरिक्त मूल्य के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना, 2050 तक शुद्ध शून्य कार्बन और 2030 तक नेट वॉटर पॉजिटिव होने के वेदांत के लक्ष्य के साथ कार्बन पदचिह्न को कम करना और इसे कायम रखना सभी कार्यों में पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) के उच्चतम मानक भी शामिल है। यह ध्यान देने योग्य है कि, श्री गुप्ता का स्पष्ट रूप से दृढ़ नेतृत्व और साथ ही अडिग प्रतिबद्धता उनके दृष्टिकोण में है, जो लाभ और लाभांश प्राप्त करने के लिए व्यापार का मतलब होता है।

अपने सामर्थ्य व कौशल से स्वसहायता समूह की बहनें लाखों महिलाओं के लिए आज प्रेरणा बन रही हैं : भावना बोहरा

रायपुर (विश्व परिवार)। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत देशभर की स्वसहायता समूह की महिलाओं से वर्चुअल माध्यम से सीधा संवाद किया। इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम रणवीरपुर में भी विधायक भावना बोहरा की उपस्थिति में क्षेत्र की सैकड़ों स्वसहयता समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री जी का लाइव उद्बोधन सुना। कार्यक्रम में उपस्थित पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने स्वसहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए अनवरत कार्य किये जा रहें हैं। आज प्रधानमंत्री के उद्बोधन से हम सभी महिलाओं में एक नई उर्जा का प्रवाह हुआ हैं वहीं स्वसहयता समूह की बहनों को प्रोत्साहन भी मिला है। नारी शक्ति की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण मोदी जी की गारंटी है और मोदी जी की गारंटी की मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी होती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आज मोदी जी से संवाद के दौरान यहां उपस्थित हजारों माताओं-बहनों को एक नई दिशा एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ होगा जहाँ वे अपने सामर्थ्य को और भी बढ़ा सकेंगी।

दुनियाभर के 30 देशों के 2400 अस्पतालों, 85000 से अधिक मेडिकल एक्सपर्ट्स के मध्य हुआ सर्वे

न्यूजवीक सर्वे में एम्स रायपुर देश के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में 33वें नंबर पर

एम्स रायपुर को 66.59 प्रतिशत स्कोर के साथ 33वां स्थान, एम्स दिल्ली प्रथम स्थान पर

रायपुर (विश्व परिवार)। दुनिया की प्रमुख न्यूज मैग्जीन और वेबसाइट न्यूजवीक ने दुनियाभर के श्रेष्ठ अस्पतालों की सूची जारी की है। इसमें भारत के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर को 33वां स्थान मिला है। एम्स रायपुर ने 66.59 प्रतिशत स्कोर के साथ यह स्थान प्राप्त किया। एम्स दिल्ली 93 प्रतिशत स्कोर के साथ प्रथम स्थान पर रहा। दूसरे चरण में स्थापित किए गए एम्स में एम्स रायपुर एकमात्र संस्थान है जो प्रथम 50 में स्थान पा सका है। सूची में एम्स रायपुर को पीजीआई चंडीगढ़, जिपमर, पुडूचेरी, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली जैसे प्रमुख अस्पतालों को एम्स रायपुर से अधिक स्कोर प्राप्त हुआ है। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने एम्स के सभी शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रमुख न्यूजमैग्जीन न्यूजवीक ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की 2024 की सूची जारी की है जिसमें दुनियाभर के 30 देशों अमेरिका, जर्मनी, जापान, साउथ कोरिया, फ्रांस इटली और यूके सहित 2400 अस्पतालों को शामिल किया गया। इसमें ऑन लाइन सर्वे, रोगियों का फीडबैक और प्रमुख मेडिकल परफार्मेंस इंडीकेटर का शामिल किया गया। एम्स का इसमें स्थान प्राप्त करना यहां प्रदान की जा रही सेवाओं के प्रति रोगियों के विश्वास को प्रदर्शित करता है। इस वर्ष चिली और मलेशिया को भी इस रैंकिंग में शामिल किया गया। न्यूजवीक ने 85000 से अधिक चिकित्सकों के मध्य सर्वे किया।

प्रलोभनरहित, निष्पक्ष और भयरहित निर्वाचन के लिए इनफोर्समेंट एजेंसीज सक्रियता और आपसी समन्वय से कार्य करें : श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए इनफोर्समेंट एजेंसीज की ली बैठक

अधिकारियों को ईएसएमएस एप और पोर्टल का दिया गया प्रशिक्षण

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए राज्य में कार्यरत सभी इनफोर्समेंट एजेंसीज की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में दिसम्बर-2023 में राज्य में संपन्न हुए विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण में इन एजेंसीज द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए ईएसएमएस एप और पोर्टल पर काम करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री पी.एस. ध्रुव भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बैठक में सभी इनफोर्समेंट एजेंसीज के अधिकारियों को राज्य में प्रलोभनरहित, निष्पक्ष, निर्बाध एवं भयरहित निर्वाचन के लिए आपसी समन्वय से सक्रियतापूर्वक काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एजेंसीज को आपस में बेहतर तालमेल, संवाद और सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का कार्य प्रभावी तरीके से करने निर्देशित किया। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के दौरान नगदी, शराब, मादक पदार्थों, कीमती वस्तुओं और फ्रीबीज के परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में की गई जब्ती और कार्रवाई की रिपोर्ट प्रतिदिन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय प्रेषित करने के निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद सभी इनफोर्समेंट एजेंसीज को सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एजेंसीज को अपने टोल-फ्री नम्बर एक्टिव करने के साथ ही निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए पर्याप्त मानव संसाधन तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतर-राज्यीय सीमा पर स्थित परिवहन विभाग के सभी चेक-पोस्ट्स पर कैमरा लगाने निर्देशित किया। श्रीमती कंगाले ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए इनफोर्समेंट एजेंसीज द्वारा गठित टीमों की कार्रवाई के दौरान नागरिकों की सुविधाओं का ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े, इसका भी ख्याल रखें। उन्होंने बैठक में विगत विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान इनफोर्समेंट एजेंसीज द्वारा की गई जब्तियों की जिलेवार और एजेंसीवार समीक्षा की। उन्होंने सभी एजेंसीज को पिछले निर्वाचनों तथा विगत छह महीनों में हुई जब्तियों की समीक्षा और अध्ययन कर जिलों की सेंसिटीविटी निर्धारित करते हुए कार्ययोजना तैयार कर लोकसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन व्यय का अनुवीक्षण करने के निर्देश दिए।

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के प्रभारी श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने बैठक में इनफोर्समेंट एजेंसीज के अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए तैयार किए गए ईएसएमएस एप और वेब पोर्टल पर काम करने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने इनफोर्समेंट एजेंसीज द्वारा की गई जब्तियों और कार्रवाई की जानकारी एप और पोर्टल पर दर्ज करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। समीक्षा बैठक में पुलिस, आयकर, प्रवर्तन निदेशालय, आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग, सीजीएसटी, डीआरआई, एनसीबी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आरपीएफ, भारतीय विमानन प्राधिकरण, राज्य विमानन विभाग, राज्य कर (एसजीएसटी), भारतीय डाक विभाग, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया और स्टेट लेवल बैंकिंग कमेटी के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

कागज खरीदी में पाठ्य पुस्तक निगम को 2 करोड़ रुपए की बचत

शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर मार्केट सर्वे के बाद दर निर्धारण से हुआ लाभ

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की बर्दास्त नहीं किया जाएगा

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में बच्चों को मुफ्त में किताबें उपलब्ध कराने के लिए पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा किताबों की छपाई का काम किया जाता है। पहले इस काम में कागज की खरीदी में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। इस भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रदेश के नए शिक्षा मंत्री और भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने नई दिशा-निर्देश जारी किए। इन दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए की गई खरीदी में 2 करोड़ रुपये की बचत हुई है।

पाठ्य पुस्तक निगम में अब तक हर वर्ष कागज की खरीदी के लिए टेंडर निकाला जाता था और फिर न्यूनतम दरों के आधार पर खरीदी की जाती थी। इस प्रक्रिया में, बाजार से इस बात का पता नहीं लगाया जाता था कि वास्तव में खुले बाजार में संबंधित कागज की कीमत कितनी है। कम दरों पर कागज की आपूर्ति करने वाले विक्रेता अक्सर निम्न गुणवत्ता वाले कागज की आपूर्ति करते थे, जिसके परिणामस्वरूप छात्रों को खराब गुणवत्ता की पाठ्य पुस्तकें मिलती थीं। बड़ी कंपनियों के पास छोटी कंपनियों की तुलना में कम दरों पर कागज की आपूर्ति करने की अधिक क्षमता होती थी, जिससे छोटी कंपनियों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो जाता था।

शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश के बाद पाठ्य पुस्तक निगम के प्रबंध निदेशक कुलदीप शर्मा ने किताबों के कवर पेज के लिए 250 त्नस्रू की मोटाई वाले कागज का मार्केट सर्वे कराया। और इसके साथ ही इसकी खुली निविदा भी निकाली गई। वर्ष 2024- 25 के लिए खरीदी की न्यूनतम दर 97 हजार 500 रूपये प्रति मीट्रिक टन लगाई गई।



जबकि वर्ष 2023 -24 में निविदा करके 250 त्नस्रू वाले कागज की खरीदी 1 लाख 17 हजार रूपये प्रति मीट्रिक टन के दर पर की थी। इस बार 5 नए फर्मों ने निविदा में हिस्सा लिया। किसी भी पुराने फर्म ने टेंडर में हिस्सा नहीं लिया, जो अधिक दर पर पाठ्य पुस्तक निगम को कागज सप्लाई किया करते थे। यानी की इस साल कीमत बढ़ने की बजाय उसी मोटाई और उसी गुणवत्ता के कागज की कीमत घट गई।

अधिकारियों के मुताबिक पुराने सप्लायर्स इस बात का दबाव बना रहे थे कि वे बाजार के दर के आधार पर रेट कोड करें। लेकिन शिक्षा मंत्री के निर्देश और सख्ती के बाद उनकी एक न चली और पूरी प्रक्रिया में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीका अपनाया गया। जिससे पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा की गई खरीदी में कुल 2 करोड़ रूपये बच गए।

दरअसल कांग्रेस कार्यकाल में पाठ्य पुस्तक निगम में बाजार से अधिक दर पर कागज की खरीदी की जाती थी जिसमे जमकर कमीशनखोरी की जाती थी। लेकिन बृजमोहन अग्रवाल के शिक्षा मंत्री बनने के बाद उन्होंने भभ्रष्टाचार और कमीशनखोरी को बंद करने के लिए नए प्रक्रिया अपनाने और मार्केट सर्वे के निर्देश दिए थे।



शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि, किताबों के कवर पेज के बाद अब पन्नों की खरीदी में इसी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा जिससे मार्केट सर्वे के बाद बाजार भाव के आधार पर न्यूनतम दर का निर्धारण किया जाएगा। जिससे निगम को लगभग 15 करोड़ रुपए की बचत होगी।

श्री अग्रवाल का कहना है कि यह पहल भ्रष्टाचार को खत्म करने और शिक्षा विभाग में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बचत शिक्षा विभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354